बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 69, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 14

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 13

एक नजर

दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था। अब एक बार फिर से समय दो दिनों के लिए परिवर्तित किया गया है।

पूर्व विधायक के बंगले में चली गोली, एक की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार तड़के सिविल लाइन स्थित पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में अचानक गोली चलने से प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मौत हो गई। घटना में असिस्टेंट प्लाटून कमांडर (एपीसी) राम कुमार दोहरे घायल हो गए उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आशीष वर्मा पूर्व विधायक के पुत्र है। वह भी गोली चलने के समय सिविल लाइन बंगले में मौजूद थे।

कार में आग लगने से दो माह का बच्चा, मां की मौत

कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे।

बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

भगवा पोशाक, बरेली में निकले मोदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खुली जीप में पहली बार किसी पीएम और सीएम ने किया बरेली में रोड शो

अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के साथ रोड शो के दौरान लोगों से दिल से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। भगवा पोशाक में पहने प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए निकले, बगल में मौजूद सीएम विजयी मुद्रा में मुस्कुराहट के साथ लोगों की तरफ इशारा कर रहे थे।

शुक्रवार की शाम बरेली के लोगों के लिए यादगार बन गया। पहली बार ऐसा मौका रहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ रोड शो में शामिल हुए हो, भीड़ इतनी जुटी की रथ पर सवार पीएम और सीएम गदगद दिखे। लोग भी अपने बीच दोनों हस्तियों को पाकर बेहद खुश नजर आएं। हर कोई एक झलक पाने को बेताब था। बुर्जुग, युवा, महिला और बालकों में पीएम को देखने में होड़ लगी रही। खुली जीप कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पहले पहुंची गई। प्रधानमंत्री जब भगवा रथ पर सवार हुए तो उनके बगल में एक तरफ सीएम योगी आदित्य नाथ तो दूसरी तरफ बरेली लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी छत्रपाल मौजूद रहे। इनके पिछे सांसद संतोष गंगवार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह थे। करीब 12 सौ मीटर की दूरी के दौरान पीएम ने अपने आप को मौजूद भीड़ से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। टार्च नुमा कमल का निशान हाथ में लेकर रथ पर चल रहे थे।छत पर खड़े लोगों का अभिवादन और भीड़ के सामने करीब तीन झुक प्रणाम भी किया। बांके बिहारी मंदिर के गेट के सामने जब मोदी की नजर मंदिर की तरफ तो भगवान की मूर्ति देखते सामने हाथ जोड़कर सिर झुकाया तो भीड़ ने पूरी ताकत के साथ जयघोष किया। सीएम मौजूद के भीड़ को हाथ से विजयी मुद्र में इशारें कर रहे थे।

संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

बरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया। भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोट देने का अनुरोध किया। रोड शो के दौरान एक बार संतोष से मोदी की कानाफूसी भी हुई।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक 54.83 प्रतिशत मतदान

उप्र में सबसे कम मतदान

61.89% अमरोहा **46.96%** मथुरा **55.49%** मेरठ **54.34%** बुलंदशहर **48.21%** गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। छिटपट घटनाओं को छोड़ दे तो कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।

बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी

बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

अमरोहा में सबसे ज्यादा 61.89 प्रतिशत हुई वोटिंग

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए शाम पांच बजे तक 54.83 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 61.89 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 46.96 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 55.49 प्रतिशत, बागपत में 52.74 प्रतिशत, गाजियाबाद में 48.21 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 51.66 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 54.34 प्रतिशत व अलीगढ़ में 54.36 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है।

चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी, सेमेस्टर प्रणाली खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

- अगले माह इसके लिए प्रधानाध्यापकों से बैठक करेंगे बोर्ड और शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी। हालांकि, इसे एक साल आगे बढ़ा दिया गया है।

चारधाम : श्रद्धालुओं को न हो परेशानी, करें बेहतर व्यवस्था

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक में मातहतों को दिए निर्देश
- अब तक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु करा चुके हैं पंजीयन

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा रूटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य सचिव को साप्ताहिक समीक्षा बैठक, यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिवों को रूटों का स्थलीय निरीक्षण और पुलिस महानिदेश को यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए। बुजुर्गों के लिए रूटों जगह-जगह निजी हेल्थकेयर टेस्टिंग किट की व्यवस्था कराने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को श्री केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे जबकि 12 मई 2024 को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। अभी तक चारधाम यात्रा के लिये 15 लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। चारधाम यात्रा देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र हैं इसलिए देवभूमि का अच्छा संदेश देश और दुनिया तक जाए यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

ईडी का ड्रग तस्कर के ठिकानों पर छापा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- देहरादून से आई सात सदस्यीय ईडी की टीम ने छह बजे हल्द्वानी स्थित आवास पर की छापेमारी
- वर्ष 2012 से 2017 के बीच बनमीत सिंह ने पूरे अमेरिका में फैलाया था धंधा

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की देहरादून से आई टीम ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्कर बनमीत सिंह के हल्द्वानी स्थित आवास और रुद्रपुर स्थित फार्मा फैक्ट्री पर छापेमारी की। टीम सुबह करीब 6 बजे बनमीत के तिकोनिया स्थित घर पहुंची तो परिवार सो रहा था। लगभग पूरे दिन चली कार्रवाई के दौरान टीम ने यहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं।

कई साल पहले बनमीत सिंह तिकोनिया स्थित गुरुतेग बहादुर गली में परिवार के साथ रहता था। हल्द्वानी छोड़ने के बाद बनमीत अमेरिका चला गया। वर्ष 2012 से 2017 के बीच उसने नशीली दवाओं की तस्करी की। अप्रैल 2019 में बनमीत को लंदन में गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2023 में लंदन ने उसे अमेरिका के सुपुर्द कर दिया। अमेरिकी अदालत से उसे सजा हुई और वह मनी लॉड्रिंग में भी लिप्त पाया गया। इसकी पुष्टि के लिए शुक्रवार की सुबह ईडी की टीम ने पुलिस बल के साथ अचानक छापेमारी की। परिजनों के सारे मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए और एक तरह से परिवार घर में ही कैद कर लिया गया। ईडी की टीम पूरे दिन घरवालों से उनकी चल-अचल संपत्ति, बैंक खातों के बारे में जानकारी और दस्तावेज खंगाले। वहीं, ईडी की दूसरी टीम ने बनमीत की रुद्रपुर के सिडकुल स्थित फार्मा फैक्ट्री पर छापा मारा, लेकिन टीम को यहां ताला मिला। बताया जा रहा है कि बनमीत की यह फार्मा फैक्ट्री कई सालों से बंद है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने हमें छापे की सूचना नहीं दी है।

माह में एक दिन बस्ते से छुटकारा

राजू वर्मा, काशीपुर

- प्रदेश में बच्चों को कौशल ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा आज

अमृत विचार : उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं।

प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग ने माह के एक दिन बच्चों को बस्ते से मुक्त रखने की योजना बनाई है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम से हटकर व्यावसायिक गतिविधियां, बैंकिंग और हस्तशिल्प हुनर का ज्ञान ले सकें। शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के पत्र का संज्ञान लेते हुए अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने माह में एक दिन यानी शनिवार को प्राथमिक माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को बस्ता रहित दिवस मनाने के आदेश जारी किए हैं। शनिवार को छह से आठ तक के बच्चों को सिखाए जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई है। मृदा प्रबंधन और मिट्टी के प्रारंभिक कार्य, कृषि, बागवानी की विभिन्न पद्धतियां, मशीन और सामग्री, मानवीय सेवाएं, बुनियादी सूचना, संचार प्रौद्योगिकी व तकनीकी कौशल आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार महीने में एक दिन यानी शनिवार को बच्चों को तकनीकी, वित्तीय आदि के लिए संबंधित विभागों में ले जाया जाएगा।

नौ से 12वीं के बच्चों को ये दिया जाएगा प्रशिक्षण

काशीपुर : प्रकृति अनुकूल कृषि, प्रकृति संरक्षण व पुनर्स्थापना, नर्सरी पौधशाला प्रबंधन, पशुपालन, वित्तीय सेवाएं, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उद्योग, मशीन और सामग्री, सिलाई, बढ़ईगिरी, वेल्डिंग और कास्टिंग, मिट्टी के बर्तन, स्थानीय कला, रोबोटिक्स मशीन, स्वास्थ्य देखभाल, बिजली का काम, विक्रय और विपणन, आतिथ्य और पर्यटन, तकनीकी कौशल आदि सिखाए जाएंगे।

भाजपा उम्मीदवार पर रिश्वतखोरी का मामला दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक में भाजपा उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया है। चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा कार्रवाई की ओर से यह कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि भाजपा उम्मीदवार के सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ 4.8 करोड़ रुपये नकद जब्त करने का मामला दर्ज किया है। चिक्काबल्लापुरा के एफएसटी ने उनके पास नकद राशि को जब्त की है। निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा मदनायकनहल्ली थाना में सुधाकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

विज्ञान इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था, वैज्ञानिकों को मिली सफलता

चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था।

दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है। यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है।

नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया।

चंद्रमा पर बना गड्ढा।

इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है।

16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।

नमूने जुटाएगा तियानवेन -2 मिशन कमोओलेवा

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एन इ ओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

एक नजर

पानी की किल्लत बढ़ी

भवाली। गर्मी का सीजन शुरू होते ही जहां शहर में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है वहीं जल संस्थान किसी तरह से उपभोक्ताओं को जल आपूर्ति करवा रहा है। कुछ शरारती तत्व ओवरहेड टैंकों के वॉल्ब खोल दे रहे हैं, जिससे जल आपूर्ति बाधित हो रही है। जल संस्थान की ओर से ऐसे शरारती तत्वों को चिन्हित करने के लिए टीम का गठन किया है, ताकि उन पर कार्रवाई हो सके। बताते चलें कि जल संस्थान के पास सीमित बोरिंग है, जिनसे पहले लोगों को दो बार पानी दिया जाता था। फिर उपभोक्ता बढ़ने से सप्लाई दिन में एक बार से घटकर अब एक दिन छोड़कर की जा रही है। ऊपर से शरारती तत्व जल संस्थान के लिये सरदर्द बने हैं। शुक्रवार को पंत स्टेट की महिलाओं ने खाली बाल्टी व डिब्बों के साथ जल संस्थान कार्यालय में धावा बोल दिया। कहा कि पानी की एक बूंद नहीं मिल रही है तो जल नहीं तो बिल नहीं। वे पानी का बिल नहीं देंगीं। सहायक अभियन्ता डोबाल का कहना है कि कुछ तकनीकी खामी के वजह से जलापूर्ति नहीं हो पाई। व्यवस्था दुरस्त कर दी जायेगी।

पूर्व सैनिक के निधन पर शोक

भीमताल : भूतपूर्व सैनिक लीग भीमताल के सदस्यों ने पूर्व सैनिक सुरेश गुरंग की लंबी बीमारी के बाद निधन होने पर शोक सभा आयोजित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। सुरेश गुरंग सैनिक लीग के कोषाध्यक्ष भी थे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए काफी सहयोग किया था। शोक व्यक्त करने वालों में नंदाबल्लभ जोशी, कृपाल रौतेला, गोपाल सिंह पडियार, घनश्याम सिंह खड़का, सुशील खड़का, संदीप गुरंग, सुरेश थापा आदि शामिल रहे।

राहत : वायु सेना बुझाएगी धधकते जंगलों की आग

वन विभाग और आपदा प्रबंधन के सफल नहीं होने पर अब एमआई -17 हेलीकॉप्टर नैनीताल, भीमताल या सातताल झील से भरेगा पानी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कम बारिश के चलते इस वर्ष फायर सीजन की शुरुवात में ही जंगलों में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। जनपद में चारों ओर जंगलों में धधक रही आग के चलते अब तक सैकड़ों हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए हैं, जिसके चलते वन संपदा सहित जानवरों के आशियाने उजड़ चुके हैं। अब नैनीताल के जंगलों में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए भारतीय वायु सेना का सहारा लेना पड़ रहा है।

शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के एमआई -17 हेलीकॉप्टर ने नैनीताल, भीमताल और सातताल झील का हवाई निरीक्षण कर हेलीकॉप्टर की बकेट में पानी भरने का स्थान चिन्हित किया। बताते चलें कि नैनीताल के वायु सेना केंद्र लडियाकाटा क्षेत्र में गुरुवार रात से तेज आग लगी है।

वहीं अब धीरे-धीरे आग रिहायशी क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी है, लेकिन उसके बावजूद वन विभाग व आपदा प्रबंधन इस पर काबू पाने में नाकामयाब दिखाई दे रहा है, जबकि पूर्व अंदेशे को देखते हुए वन विभाग ने जनवरी फरवरी माह में ही आग पर काबू पाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। आग नैनीताल के गुट, पाइंस, खुर्पाताल, मंगोली, ज्योलिकोट सहित दर्जनों जंगलों के बाद अब शहर के समीप तक पहुंच चुकी है तो वहीं भवाली एयर फोर्स स्टेशन के समीप तक पहुंच चुकी आग से केंद्र पर भी खतरा मंडराने लगा है।

नैनीताल के जंगलों में लगी आग सड़क तक पहुंची। ● अमृत विचार

नैनीताल के जंगल में आग बुझाते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल तक पहुंचा आग का मुद्दा

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के गांवों से सटे जंगलों में धधक रही आग पर काबू किए जाने को ठोस उपाय न किए जाने का मामला मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल तक पहुंच गया है। धनियाकोट निवासी कांग्रेस नेता ने मामला सीएम पोर्टल पर दर्ज करा वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। आरोप लगाया कि लंबे समय से आग वन संपदा को नुकसान पहुंचा रही है बावजूद वन विभाग ठोस कदम नहीं उठा रहा। बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट गांव निवासी कृपाल सिंह मेहरा ने ब्लॉक के तमाम गांवों से सटे जंगलों के आग की भेंट चढ़ जाने तथा लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं के बावजूद जंगलों को बचाने को ठोस उपाय न होने पर मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि करीब एक महीने से एक के बाद एक जंगल आग से स्वाहा होते जा रहे हैं। बावजूद वन विभाग आग पर काबू पाने में नाकाम साबित हो रहा है। बड़े-बड़े अभियान चलाकर जंगलों को बचाने के दावे करने वाला वन विभाग धरातल में कहीं नजर ही नहीं आ रहा। बेशकीमती वन संपदा को नुकसान होने के साथ ही चारा पत्ती भी नष्ट होती जा रही है। कृपाल सिंह मेहरा ने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने तथा जंगलों को बचाने को वन विभाग को ठोस उपाय किए जाने को निर्देशित करने की मांग उठाई है।

आग और जहरीले धुएं से बढ़ा प्रदूषण

▸▸ हवा की गुणवत्ता 50 पीएम के पार जंगलों से निकलने वाला धुआं इंसानों के लिए बना जानलेवा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग वातावरण के साथ-साथ इंसानों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है। जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं से हवा जहरीली हो रही है।

धुएं से नैनीताल में हवा की गुणवत्ता 54 पीएम तक पहुंच गई है। आर्य भट्ट प्रेषण संस्थान के वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र सिंह बताते हैं कि हवा की गुणवत्ता सामान्य रूप से 0 से 50 पीएच तक सबसे शुद्ध, 51-100 तक सामान्य, 101-200 तक खराब, 201-300 तक बेहद खराब, 301-400 तक गंभीर, 401 से 500 तक जानलेवा होती है। बीते चार दिनो में नैनीताल समेत आसपास के जंगलों में लगी आग से नैनीताल की हवा की गुणवत्ता 54 पीएम पहुंच गई है। हवा के गिरते स्तर से वातावरण में बुरा असर पड़ रहा है। हवा की शुद्धता पीएम 2.5 के स्तर में करीब पांच गुना बढ़ोतरी हो गई है। 20 से 25 तक रहने वाला पीएम 2.5 के ऊपर पहुंच गया है।

शुष्क हो गए पहाड़

15 फरवरी से 15 जून तक का फायर सीजन प्रदेश के जंगलों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। शीतकाल में यदि अच्छी वर्षा और बर्फबारी हो जाए तो जंगलों में आग लगने की अवधि पीछे खिसक जाती है। मगर इस साल मौसम की बेरुखी के चलते पहाड़ शुष्क हो गए।

घातक है पीएम 2.5 बढ़ना

एरिज के पर्यावरण विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह के मुताबिक वायुमहल में 2.5 माइक्रोन अथवा उससे कम व्यास वाले सुक्ष्म कणों को पीएम 2.5 के रूप में जाना जाता है। नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में सामान्य दिनों में यह 20-25 तक रहता है।

ज्योलीकोट, बजून व खुर्पाताल के जंगलों में लगी भीषण आग

नैनीताल : जंगलों में आग लगने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को शहर के खुर्पाताल, बजून, एयर फोर्स स्टेशन लड़ियाकाटा समेत दर्जन भर स्थानों पर दिनभर आग लगी रही। जंगल में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और दमकल कर्मियों को दी।

मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों और वन विभाग की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर नियंत्रण पाया। अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि जंगल में लगी आग आवासीय क्षेत्र की तरफ बढ़ रही थी, मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने 6 घंटे तक रेस्क्यू के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान उमेश कुमार, हर्ष कुमार, विवेक थापा, आनंद गिरी, रविंद्र सिंह समेत वन कर्मी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

36 घंटे से धधक रहे हैं नैनीताल के जंगल

नैनीताल/भीमताल : बीते 36 घंटे से नैनीताल के जंगलों में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए भारतीय वायु सेना का सहारा लेना पड़ रहा है। शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के एमआई -17 हेलीकॉप्टर ने नैनीताल, भीमताल और सातताल झील का हवाई निरीक्षण कर हेलीकॉप्टर की बकेट में पानी भरने का स्थान चिन्हित किया। बताते चलें कि नैनीताल के वायु सेना केंद्र लडियाकाटा क्षेत्र में गुरुवार रात से तेज आग लगी है जिसे बुझाने के लिए वन विभाग और दमकल कर्मी लगातार मशक्कत कर रहे हैं। वायु सेवा के रडार की तरफ बढ़ रही आग को देखते हुए अब भारतीय वायु सेवा को आग बुझाने के लिए अपने हेलीकॉप्टर को भेजना पड़ा। नगर पालिका के अधिशासीय अधिकारी राहुल आनंद ने बताया शुक्रवार को क्षेत्र का हवाई निरीक्षण करने के बाद अब हेलीकॉप्टर शनिवार सुबह जंगल की आग बुझाने के लिए नैनी झील या भीमताल से पानी भरेगा।

पशुओं की देखभाल का मंत्र दिया

ग्राफिक एरा भीमताल में पशुओं की देखभाल से सम्बन्धित संगोष्ठी में शामिल लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के फार्मेसी विभाग एवं लेबोरिटी एनिमल साइंस एसोसिएसन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में पशुओं की देखभाल से सम्बन्धित एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित हुई।

संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता वरिष्ठ सलाहकार सीसीएसईए, डीएएसडी मोफाद नई दिल्ली डॉ. क्रिपाली पाण्डे, वरिष्ठ वैज्ञानिक इन्सीट्यूट ऑफ माइक्रोबायल टेक्नोलॉजी चण्डीगढ, वरिष्ठ सलाहकार सीएसआईआर सेन्ट्रल ड्रग रिसर्च इन्सीट्यूट लखनऊ डॉ. नीरज खत्री, डॉ. राजदीप गुहा और प्रधानाचार्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल डॉ. हिमांशु जोशी ने पशुओं की देखभाल, उपयोग, अभ्यास कल्याण एवं पशुओं के अधिकारों के विषय में जानकारी दी। संगोष्ठी का शुभारम्भ परिसर के निदेशक सेवानिवृत कर्नल अनिल कुमार नायर ने किया और पशुओं के कल्याण पर बल दिया संगोष्ठी का संचालन कर फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु जोशी ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत कर किया। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को मिलेगा 'लाइब्रेरी चैंपियन' पुरस्कार

नैनीताल : छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत की ओर से अभिनव पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर एवं सर जेसी बोस परिसर के पुस्तकालयों के साथ-साथ मेजर राजेश अधिकारी केंद्रीय पुस्तकालय में नियमित रूप में पढ़ने एवं सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले तीन छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा ''लाइब्रेरी चैंपियन'' पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। कुलपति प्रो. रावत ने बताया कि अधिकांश विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा से प्रेरित होते हैं, खासकर अगर इसमें किसी प्रकार का पुरस्कार या सम्मान शामिल हो।

दिल्ली के विशेषज्ञों ने जांचा स्वास्थ्य

▸▸ ओपन थियेटर में तीन दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर शुरू हुआ

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड भीमताल के अन्तर्गत ग्राम सभा पिनरौ में मनरेगा से निर्मित ओपन थियेटर में होप संस्था के तत्वावधान में तीन दिवसीय स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण शिविर प्रारंभ हुआ। शिविर का प्रारंभ संस्था के अध्यक्ष चिकित्सक डॉक्टर असित खन्ना और सामाजिक कार्यकर्ता उमेश पलड़िया ने संयुक्त रूप से किया।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मेडिकल कैम्प लगाया गया। इस दौरान 135 लोगों ने विभिन्न जांच और चिकित्सकों को दिखाने के लिए पंजीकरण कराया। दिल्ली, चिन्नई, गाजियाबाद के विशेषज्ञों ने जांच कर निशुल्क दवा बांटी। शिविर में ईसीजी, शुगर की जांच भी की गई। वहीं प्लास्टिक के ढक्कनों से दीवार पर कलाकृति, स्कूली प्रतियोगिताओं में ड्राइंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन प्रशिक्षण, मासिक धर्म स्वच्छता पर व्याख्यान और पैड का वितरण भी किया गया। इस दौरान उमेश पलड़िया, चिकित्सकों की टीम में डॉ. असित खन्ना, डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. बिंदिया गुप्ता, डॉ. अनुज, डॉ. पवन, डॉ. ऐस मुरली, डॉ. युवराज, डॉ. महेश, डॉ. मनीष व डॉ. वंदना आदि मौजूद थे।

पिनरौ में होप संस्था के तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर। ● अमृत विचार

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

10 दिन में मेट्रोपोल से हटेगा कूड़ा डंपिंग जोन

नैनीताल : मेट्रोपोल से अब कूड़ा डंपिंग जोन को अन्य स्थान पर भेजे जाने के डीएम के निर्देश के बाद पालिका ने जगह की तलाश करनी शुरू कर दी है।

बीते दिनों पर्यटन सीजन की बैठक में डीएम वंदना सिंह ने नगर पालिका को 10 दिनों के भीतर मेट्रोपोल से डंपिंग जोन को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की निर्देश दिए थे। इसके बाद से ईओ राहुल आनंद के नेतृत्व में पालिका टीम जगह की तलाश में जुटी है। कूड़ा निस्तारण प्लांट भवाली में बनाया गया है, जिसके लिए अगर पालिका को भवाली मार्ग में कैंट की ओर से कहीं जगह उपलब्ध कराई जाती है तो इससे कूड़ा निस्तारण प्लांट की दूरी भी कम हो जाएगी और कूड़े के बड़े ट्रकों को नगर के बीच से भी नहीं गुजरना पड़ेगा।

सड़क निर्माण में अनियमितता पर भड़के

▸▸ ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई को ज्ञापन देकर मोटर मार्ग के निर्माण का कार्य रुकवाने की मांग की

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड ओखलकांडा में स्यूड़ा-कौंता-हरीशताल मोटर मार्ग की अनियमितता का मामला अब जोर पकड़ने लगा है।

मोटर मार्ग के निर्माण में हो रहीं अनियमितताओं के संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में पीएमजीएसवाई कार्यालय के खिलाफ खासा रोष है। इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का शिष्टमंडल पीएमजीएसवाई काठगोदाम के कार्यालय में अधिशासी अभियंता से मिला। क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमलता रुबाली के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने ओखलकांडा ब्लॉक में बन रही 37 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर गंभीर आरोप लगाए। शिष्टमंडल ने डामरीकरण में प्रयोग की जा रही सामग्री को निम्न क्वालिटी का बताया। वहीं रोड में डाला गया डामर सूखने व हाथ से ही निकालने की बात भी कही। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को बताया कि रोड के किनारे बनाए गए पैराफिट मिट्टी से बनाए गए हैं, जो हाथ से ही गिर रहे हैं। मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं होने पर काठगोदाम में कार्यालय के सामने प्रदर्शन को बाध्य होगी।

अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

ये है मामला

विकासखंड ओखलकांडा में बन रहे 37 किमी मोटर मार्ग में गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने एक वीडियो सोशल मीडिया में डाल दिया था, जिसमें मोटर मार्ग में बिछाए गए डामर को हाथ से उखाड़ रहे थे। वीडियो जारी होने के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप भी लगाया है।

अधिशासी अभियंता से मिलने वालों में दौरान पूर्व प्रधान हरीशताल केडी रुबाली, ग्राम प्रधान ककोड़ डीकर सिंह मेवाड़ी, पूर्व ग्राम प्रधान हरीश ताल कैलाश चंद्र भट्ट, भोला भट्ट, हेम भट्ट, ईश्वरी सिंह भटियाली, लक्ष्मण सिंह गौनिया, पूर्व प्रधान गोनियारो ललित भट्ट आदि मौजूद थे।

तैयारी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधे मुकाबले की संभावना

आसान नहीं है पालिका अध्यक्ष का उम्मीदवार चुनना

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : संचार के विभिन्न माध्यमों के मार्फत नगर निकाय के चुनाव शीघ्र होने की संभावना के साथ ही राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों ने अब गुपचुप तरीके से घरों में जाकर अपने के लिए वोट मांगने प्रारंभ कर दिए हैं।

जहां इन उम्मीदवारों को खासा रिस्पांस मिल रहा है तो वहीं कई जागरूक वोटर पांच सालों में जनता के बीच उनकी उपस्थिति भी पूछ ले रहे हैं। वहीं एक बार फिर कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबले की संभावना है। इस बार भाजपा में भी उम्मीदवारों की खासी कतार है। कई लोगों ने मोदी के नाम पर अन्य पार्टियों से नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामा है तो वहीं पिछले चुनाव में किसमत आजमा चुके कई उम्मीदवार भी कतार में हैं। भाजपा से संभावित उम्मीदवार, दिनेश सांगुड़ी, हितेन्द्र बिष्ट, अक्की सेमवाल, एडवोकेट राहुल जोशी, मनोज भट्ट, महिला सीट आने पर मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, बीडीसी मेबर पांडे गांव ममता बिष्ट के नामों की चर्चा है तो वहीं कांग्रेस में निवर्तमान चेयरमेन देवेन्द्र सिंह चनौतिया के साथ इस बार नौकुचियाताल से राकेश वृजवासी ने भी ताल ठोकी है। विपिन चंद्रा, नगर अध्यक्ष डी के डालाकोटी का नाम भी चर्चाओं में है।

नगर के विकास के लिए इस बार चुनाव मैदान में उतरा जाएगा। पार्टी का सहयोग मिलेगा तो निश्चित तौर पर भीमताल को एक विशेष पहचान दिलाएंगे

-राकेश वृजवासी, कांग्रेस नेता

पूर्व में ग्राम प्रधान नौल रहा हूं। भीमताल को एक सुव्यवस्थित और मार्डन सिटी बनाने की योजना है।

-एडवोकेट राहुल जोशी, भाजपा नेता

पढ़ी लिखी महिला हूं। लोगों की समस्याओं से विशेषकर महिलाओं की समस्याओं से वाकिफ हूं। भाजपा यदि विश्वास जताएगी तो निश्चित तौर पर भीमताल नगर नए आयाम हासिल करेगा। मैं और मेरा परिवार कई वर्षों से सक्रिय राजनीति में सक्रिय है। **-ममता बिष्ट,** बीडीसी, पांडे गांव

ई-रिक्शे के किराए में बढ़ोत्तरी पर नाराजगी

नैनीताल : ई-रिक्शे के किराए में शुक्रवार को बढ़ोत्तरी को लेकर ऑल इंडिया वूमेन कॉन्फ्रेंस की महिलाओं ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि रिक्शे का किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये होने की सूचना है जो दूरी के अनुसार ठीक नहीं है। कहा कि अगर ई-रिक्शा का किराया बढ़ाया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने उन्हें आश्वासन दिया है कि किराया 10 से बढ़ाकर 15 रुपये किया जाएगा। इस दौरान मुन्नी तिवारी, तारा बोरा, डॉ. सरस्वती खेतवाल, मीनू बुधलाकोटी, रेखा पंत, गजाला कमाल आदि मौजूद थे।

एक नजर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में

हल्द्वानी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में एक दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे हैं। वह वनाग्नि की घटनाओं को लेकर प्रशासन, वन विभाग के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के वरिष्ठ निजी सचिव भूपेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी शनिवार को 1:30 बजे देहरादून से हवाई मार्ग से सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से रतूमहल ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद जाएंगे। तीन बजे यहां से चलकर काशीपुर स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। दोपहर 3 :45 बजे हवाई मार्ग से हल्द्वानी पहुंचेंगे। एफटीआई सभागार में वनाग्नि को लेकर समीक्षा बैठक लेंगे। फिर दो घंटे बाद हेलीपैड से खटीमा के लिए उड़ान भरेंगे। वह रात्रि विश्राम खटीमा में करेंगे।

काठगोदाम व रानीबाग में 9 घंटे बिजली आपूर्ति रही बाधित

हल्द्वानी : काठगोदाम व रानीबाग इलाके में शुक्रवार को सुबह से बत्ती गुल रही जिसके चलते गर्मी में लोगों को परेशान झेलनी पड़ी। 33 केवी और 11 केवी की लाइनों की चपेट में आ रहे पेड़ों की कटाई छटाई के चलते सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसमें काठगोदाम व रानीबाग क्षेत्र में करीब 9 घंटे तक बिजली आपूर्त व्यवस्था बाधित रही। सुबह से बिजली आपूर्ति बाधित होने के चलते लोगों पेयजला आपूर्ति की समस्या भी झेलनी पड़ी।

आठ देशों और 50 राज्यों में खड़ा किया 150 मिलियन डॉलर का धंधा

बनमीत अमेरिका में ही दवा मंगा कराता था पैकिंग-सप्लाई, कुछ ही सालों में बेचा सैकड़ों किलो ड्रग्स

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

20 12 से शुरू की थी अवैध धंधे की शुरुआत और पांच साल में खड़ा कर दिया साम्राज्य

20 19 में लंदन में हुआ गिरफ्तार और वर्ष 2023 में लंदन ने इसे अमेरिका को सौंप दिया तब से जेल में है बंद

अमृत विचार : हल्द्वानी छोड़ने के बाद बनमीत सिंह अमेरिका में ही जम गया। पहले डार्क वेब के जरिये नशे के आदी ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाई। कुछ ही सालों में उनसे 8 देश और 50 राज्यों में अपना धंधा फैलाकर 150 मिलियन डॉलर का ड्रग साम्राज्य खड़ा कर दिया।

बनमीत सिंह ने वर्ष 2012 से अवैध धंधे की शुरुआत की है। वर्ष 2017 तक उसने जमकर ड्रग्स बेचा और अपने अवैध व्यापार को अमेरिका समेत 8 देशों और 50 राज्यों तक फैलाया। वर्ष 2019 में बनमीत को लंदन में पकड़ा गया। इस दौरान उसने डार्कवेब के माध्यम से पूरे अमेरिका, कनाडा, आयरलैंड समेत करीब आठ देशों और अमेरिका में ओहियो, फ्लोरिडा, उत्तरी कैरोलिना, मैरीलैंड, न्यूयॉर्क, उत्तरी डकोटा और वाशिंगटन समेत अन्य स्थानों में अपना नेटवर्क खड़ा किया। इन्हीं स्थानों पर दवा शिपमेंट मंगाई गई और फिर यहीं से दवाओं को फिर से पैक कर 50 राज्यों, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, जमैका, स्कॉटलैंड और यू.एस. वर्जिन द्वीप समूह में विभिन्न स्थानों पर भेजा। बनमनीत के ड्रग ग्रुप ने संयुक्त राज्य अमेरिका में सैकड़ों किलोग्राम ड्रग बेचा। बनमीत को मार्च 2023 में संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्यर्पित किया गया था। उसे 26 जनवरी को नियंत्रित पदार्थों को वितरित करने के इरादे से साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया। बनमीत को संयुक्त राज्य अमेरिका के अनुरोध पर अप्रैल 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था।

इन नशीली दवाओं का धंधा करता था बनमीत

हल्द्वानी : प्रतिबंधित पदार्थ आम तौर पर ऐसी दवा या रसायन होता है जिसका निर्माण और उपयोग सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है। बनमीत ने फेंटेनाइल, एलएसडी, एक्स्टसी, जैनैक्स, केटामाइन और ट्रामाडोल जैसे नियंत्रित पदार्थ बेचे। इन्हें बेचने के लिए उसने सिल्क रोड, अल्फा बे, हंसा समेत कई अन्य डार्क वेब मार्केटप्लेस पर अपनी विक्रेता साइट बनाईं। ग्राहकों ने इन साइट से दवा खरीदते और क्रिप्टोकरेंसी से भुगतान करते थे। इसके बाद बनमीत ने व्यक्तिगत रूप से यूएस मेल या अन्य शिपिंग सेवाओं के माध्यम से यूरोप से अमेरिका तक दवाओं की खेप पहुंचाने की व्यवस्था की।

डार्कवेब पर धंधा क्रिप्टोकरेंसी से लेन-देन

हल्द्वानी : बनमनीत ने सैकड़ों किलोग्राम ड्रग्स और प्रतिबंधित दवाओं को पूरे अमेरिका में स्थानांतरित किया और एक मल्टीमिलियन डॉलर का ड्रग्स का धंधा खड़ा कर दिया। बनमीत ने लाखों डॉलर की ड्रग आय को क्रिप्टोकरेंसी खातों में जमा किया, जिसकी कीमत अंतत : लगभग 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

अमेरिका में काट रहा है 5 साल की सजा

हल्द्वानी : बनमीत को डार्क वेब मार्केटप्लेस पर प्रतिबंधित दवाओं को बेचने के मामले में पांच साल कारावास की सजा सुनाई गई है और उससे लगभग 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर जब्त किए जाने के आदेश दिए गए हैं। डार्क वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जहां तक आम सर्च इंजन नहीं पहुंच पाता। इस तक विशेष वेब ब्राउजर के जरिए ही पहुंचा जा सकता है।

नहीं पहुंचा परिचालक यात्री रहे घंटे परेशान

हल्द्वानी, अमृत विचार: रोडवेज में नैनीताल जाने के लिए खड़ी एक बस का परिचालक समय से नहीं पहुंचने के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद नैनीताल के लिए बस आधे घंटे विलंब से रवाना हुई।

नैनीताल मार्ग पर रोजान 10 बसें चलती हैं, शाम 5 बजे नैनीताल रवाना होने वाली बस 4:30 बजे स्टेशन में खड़ी कर दी इसके बाद परिचालक के नहीं पहुंचने पर बस का दरवाजा नहीं खुला। सवारियां परेशान हुईं और शिकायत अधिकारियों से की तब परिचालक आया। इसके बाद बस आधा घंटे देरी से रवाना हुई। स्टेशन प्रभारी मधुसूदन मिश्रा ने बताया कि परिचालक की वजह से बस देरीसे रवाना हुई। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों दे दी है।

दमुवाढूंगा में किराए के घर के बाहर मृत मिला युवक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

हादसा

- मौत की वजह नहीं हो सकी स्पष्ट, शव परिजनों को सौंपा
- प्राइवेट नौकरी करता था बबियाड़ का रहने वाला युवक

अमृत विचार : काठगोदाम क्षेत्र में एक मकान के आगे युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूलरूप से बबियाड़ धारी का रहने वाला 28 वर्षीय नीरज शर्मा हल्द्वानी में प्राइवेट नौकरी करता था। वह दमुवाढूंगा में किराए के मकान में रहता था। बताया जाता है कि सुबह जब लोग घरों से निकले तो नीरज के उसी के किराए के घर के बाहर पड़ा पाया। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो आनन-फानन में सूचना काठगोदाम पुलिस को दी गई। पुलिस ने उसे अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष काठगोदाम विमिल मिश्रा ने बताया कि युवक को तुरंत डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा गया, जहां मौत की पुष्टि हुई। शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सामने आएगी।

मशहूर बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने किए कैंची धाम के दर्शन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर भवाली में कैंची स्थित बाबा नीम करौली महाराज के धाम के प्रति लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है।

शुक्रवार को एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में नैनीताल पहुंचे मशहूर बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने कैंची धाम में बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उनके चाहने वालों ने उनके साथ सैल्फी भी ली। लोगों की अधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस सुरक्षा के मद्देनजर उनको तुरंत वहां से ले गयी। बता दें कि हर रोज हजारों की संख्या में देश-विदेश से लोग बाबा के दर्शन को आ रहे हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली व उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा, अभिनेता वरुण धवन, सायना नेहवाल, अभिनेता व नेता रवि किशन, साउथ अभिनेत्री सामंथा, हास्य कलाकार भारती सिंह सहित दर्जनों फिल्मी सितारों व खिलाड़ियों सहित राजनेता बाबा के दर्शन करने को पहुंच चुके हैं।

बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे।

टेंडर नहीं होने से आधुनिक फिल्टर का काम अधर में

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौला नदी से पूरे शहर में पेयजल आपूर्ति की जाती है, लेकिन जल संस्थान के दोनों फिल्टर प्लांट काफी पुराने हो चुके हैं। इनकी क्षमता आज के हिसाब से काफी कम है। इनमें से शीशमहल में मौजूद फिल्टर प्लांट पुराना होने के कारण जरूरत के हिसाब से पानी को फिल्टर नहीं कर पाता है। इससे शहर व आसपास के लोगों को शुद्ध पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। आज शहर की आबादी कई गुना बढ़ गई है, लेकिन आज भी करीब 4 दशक पुराने फिल्टर प्लांट पर ही पानी को फिल्टर करने की जिम्मेदारी है।

इस तरह आजादी से पहले बने शीतलाहाट स्थित प्लांट की फिल्टर करने की क्षमता करीब साढ़े तीन एमएलडी है। इस तरह ये दोनों फिल्टर प्लांट शहर की 85 एमएलडी पानी की जरूरत को पूरा करने में पूरी तरह अक्षम हैं। केंद्र सरकार की ओर से विशेष योजनागत सहायता कार्यक्रम के तहत हल्द्वानी जल स्रोतों से पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए 154.43 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत शीतलाहाट और शीशमहल में 3 आधुनिक फिल्टर प्लांट का निर्माण कराया जाना शामिल था। जिससे गौला नदी से सप्लाई होने वाला पानी फिल्टर होकर लोगों के घरों तक पहुंच सके। इससे शहर में पेयजल के लिए भूजल पर निर्भरता में भी कमी आएगी। योजना के तहत पानी के लीकेज को रोकने के लिए पुरानी जर्जर पाइप लाइनों को भी बदला जाना है। लेकिन टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के चलते फिल्टर प्लांट का कार्य नहीं शुरू हो पाया है। इधर पेयजल निगम के ईई एके कटारिया ने बताया कि आचार संहिता के चलते टेंडर नहीं हो पाया है। आचार संहित खत्म होने के बाद ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में शहर की बड़ी आबादी पेयजल के लिए ट्यूबवेल पर निर्भर है। लेकिन आए दिन ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही शहर और आसपास भूमिगत जल स्तर भी तेजी से घट रहा है। इसके अलावा पेयजल विभाग की काफी धनराशि खराब ट्यूबवेलों की मरम्मत में खर्च हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे में गौला की पेयजल सप्लाई को दुरुस्त करना बेहद जरूरी है।

मोटर फुंकी, जजफार्म में पानी का संकट बढ़ा

हल्द्वानी, अमृत विचार: जज फार्म का नलकूप खराब होने से स्थानीय लोगों के सामने पेयजल का संकट गहराया गया है।

जजफार्म का नलकूप छह माह में दूसरी बार खराब हो गया है। इससे लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए दिक्कतें हो रही हैं। इलाके में पानी की आपूर्ति का एक ही साधन होने के चलते लोगों की टैंकर से मिलने वाले पानी पर निर्भरता बढ़ गई है। जल संस्थान की ओर से भेजे जाने वाले टैंकर भी पानी की जरूरत को पूरा नहीं कर पा रहे है। लोगों ने नलकूप की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। जलसंस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि नलकूप को ठीक करने की कवायाद जारी है, जल्द ही पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

पशु खुला छोड़ने वालों के खिलाफ दर्ज करें एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनपद स्तरीय गोशाला समिति की बैठक की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जो पशु स्वामी पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं जिससे आये दिन दुर्घटना होती है। उन पशु स्वामियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम, पब्लिक न्यूसेंस, रोड सेफ्टी के नियमों तहत एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

डीएम ने कहा कि नगर निगम के साथ ही ब्लॉकों में पशु को खुला छोड़ने वाले स्वामियों खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। नगर निगम, पुलिस एवं उप जिलाधिकारी टीमों का गठन कर ऐसे पशु स्वामियों को चिन्हित करें और एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि अस्थाई गोशाला संचालन के लिए संस्था एवं गोशाला चलाने वालों लोगों को एक माह के परीक्षण के तौर पर रखा जाए। गोशाला की नियमित मॉनीटरिंग हो। जिस संस्था का पशुओं का रखरखाव उत्तम पाया जाए उन्हें प्राथमिकता दी जाए। गंगापुर कबडवाल में गोशाला के लिए धनराशि स्वीकृत हो चुकी है, जुलाई तक गौशाला का संचालन शुरू होना चाहिए।

उन्होने कहा जनपद में जिन गौशालाओं के लिए धन आवंटित हो चुका है, कार्यदायी संस्थाएं उनका निर्माण सुनिश्चित करें। इस दौरान सीवीओ डॉ. डीसी जोशी, डीसीवीओ डॉ. पीएस ह्यांकी, एसडीएम प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, विपिन पंत, राहुल साह, केएन गोस्वामी, प्रमोद कुमार, डीडीओ गोपाल गिरी, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, डॉ. आरके टंडन आदि मौजूद थे।

कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

सख्ती

- डीएम ने अधिकारियों को पशु स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश, गोशाला संचालन की निगरानी के लिए बनेगी टीमें

छात्रा के साथ की छेड़छाड़ भाई ने विरोध किया तो पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नाम बदल कर समुदाय विशेष के युवक ने मोबाइल की दुकान खोली। उसने एक छात्रा का नंबर हासिल किया और उसे परेशान करने लगा। जब पीड़िता के भाई ने विरोध किया तो उसे पीट दिया। छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली बीसीए की छात्रा है। छात्रा की मां ने पुलिस को दी शिकायत में लिखा, घर के पड़ोस में ही अतहरुद्दीन की मोबाइल रीचार्ज की दुकान है। कुछ दिन पहले वह बेटी के साथ दुकान पर रीचार्ज कराने गई थीं। नंबर मिलने के बाद से युवक ने बेटी को सिक्ख युवक बनकर बार-बार कॉल और व्हाट्सएप मैसेज करने शुरू कर दिए। कॉलेज आते-जाते परेशान करने लगा। बात छात्रा के भाई तक पहुंची तो वह आरोपी को समझाने पहुंच गया। जहां आरोपी ने मारपीट कर दी।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि तहरीर मिली है और जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

मई में चल सकती है हीट वेब, अलर्ट रहें

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में पारा 40 तथा पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री तक पहुंच जाता है, तब हीट वेव के हालात बनते हैं। अगर किन्हीं दो जगहों का तापमान लगातार दो दिन सामान्य से साढ़े चार से साढ़े छह डिग्री ऊपर चला जाए तो यह हीट वेव मानी जाती है। गर्म हवा की एक स्थान पर लंबे समय तक मौजूदगी, ऊपरी वायुमंडल में नमी की कमी तथा साफ आसमान हो तो हीट वेव के हालात उत्पन्न होते हैं। मई के अंतिम तथा जून प्रथम सप्ताह में तापमान सबसे ज्यादा रहता है। इस बार जल्दी हीट वेव आने की आशंका है।

सफारी की चोरी करने वाले चार शातिर युवक गिरफ्तार

संवावाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : मुखानी में सेवानिवृत्त दरोगा के घर ताले तोड़ने वाले चोर हाईफाई निकले। ये शातिर टाटा सफारी में हाई-फाई बनकर घूमते और ताला लगे घरों को चिह्नित करते। रात ढलते ही कार पर सवार होते, ताले तोड़ते और माल समेट कर फरार हो जाते। हल्दूचौड़ चौकी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों का माल बरामद किया है।

लालकुआं सीओ संगीता ने बताया कि चोरों ने ऐसी ही एक घटना मोटाहल्दू के रावतनगर किशनपुर सकुलिया निवासी भगवत सिंह रावत के घर अंजाम दी थी। बीती 24 अप्रैल को ताला तोड़कर 30 हजार रुपये, लाखों के आभूषण और लैपटॉप चोरी कर लिया था। चोरों को पकड़ने में जुटे हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें सफारी कार संदिग्ध नजर आई। सफारी कार में बैठे 19 से 21 साल के चार युवाओं को देख पुलिस के मन में शक पैदा हुआ। मुखबिर से खबर मिली कि संदिग्ध बेरीपड़ाव खुर्पिया फार्म मैदान के पास जंगल में बैठे हैं। पुलिस ने टीम ने टाटा सफारी संख्या यूके 04 जी 7877 के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम उज्जवल परगाई 19 वर्ष पुत्र नन्दन सिंह परगांई, संदीप कुमार 19 वर्ष पुत्र नन्द किशोर, सुभाष दिवाकर 20 वर्ष पुत्र अशोक दिवाकर निवासीगण देवलचौड़ और राजेंद्र चौहान 20 वर्ष पुत्र गोविंद चौहान निवासी धनपुरी पंचायतघर। पूछताछ में उन्होंने भगवत और सेवानिवृत्त दरोगा के चोरी कुबूल की और भगवत के घर से चोरी माल भी बरामद कराया। सभी दिन में रेकी करते थे और रात में ताले तोड़ते थे। किसी को शक न हो इसलिए घटना में लग्जरी कार का इस्तेमाल करते थे।

ये थे पुलिस टीम में : पुलिस टीम में हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी, एएसआई प्रेम बल्लभ जोशी, हे.कां. त्रिलोक सिंह रौतेला, कां. मनीष कुमार, गुरमेज, अनिल शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा व लता जोशी शामिल थे।

पुलिस टीम के साथ पकड़े गए चोर। ● अमृत विचार

टेस्ट ड्राइव की कार से चोरी, शौकीन हैं शातिर

लालकुआं : पुलिस ने बताया कि आरोपियों से बरामद कार उनकी नहीं है। शातिरनों ने कुछ दिन पहले अपनी गाड़ी एक गैराज में रखकर टाटा सफारी को टेस्ट ड्राइव के लिए लिया था। गैराज मालिक से कहा था वह कार खरीदना चाहते हैं और कुछ दिन चला कर देखेंगे। चारों युवा शौकीन मिजाज हैं और नशे के आदि हैं। सिर्फ अपना शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटनाएं करते हैं।

जेल से छूटते ही तलाशने लगते थे बंद घर

लालकुआं : पिछले वर्ष शातिरों ने मुखानी में सेवानिवृत्त दरोगा के घर चोरी की थी। इस मामले में बीते वर्ष अक्टूबर में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने बताया कि शातिर 26 दिन बाद ही जेल से छूट गए और छूटते ही रेकी में जुट जाते थे। दिन में ताले देखते और रात में तोड़ देते थे। माना जा रहा है कि इन लोगों ने कुछ और चोरियों का खुलासा हो सकता है।

अच्छी खबर इस योजना में सीवर, सेप्टिक टैंक साफ करने वाले स्वच्छकों को किट के साथ मशीनों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

'नमस्ते' से आएगा सफाई कर्मियों के जीवन स्तर में सुधार

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार: केंद्र सरकार की नमस्ते (नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनेटाइजेशन इकोसिस्टम) योजना के तहत नगर निगम ने अलग-अलग विभागों से सफाईकर्मियों के आंकड़े जुटाने शुरू कर दिए हैं, जिसके बाद ऑनलाइन पंजीकरण कर इन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि उनका जीवन स्तर में सुधार आ सके।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नमस्ते योजना के तहत जल संस्थान, जल निगम आदि से सीवर व सेप्टिक टैंक साफ करने वाले सफाई कर्मचारियों के संबंध में जानकारी मांगी गई है। जल संस्थान ने नगर निगम को आंकड़े उपलब्ध करा दिए हैं। उपलब्ध डाटा को श्रम मंत्रालय के नमस्ते एप पर अपलोड किया जाएगा, जिसके बाद सफाईकर्मियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

> नमस्ते योजना को लागू करने के लिए संबंधित विभागों से सफाईकर्मियों के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं, जल्द ही उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। –**गणेश भट्ट**, सहायक आयुक्त, नगर निगम

योजना के तहत सेप्टिक टैंक आदि सफाई का कार्य अब हाथ की बजाय मशीनों से किया जाएगा, जिसके लिए सफाईकर्मियों को पीपीई किट व मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, उन्हें व उनके परिजनों को बीमा योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। योजना का उद्देश्य सफाईकर्मियों के जीवन में सुधार लाने के लिए केंद्रीय योजनाओं से जोड़ना है। इस क्षेत्र की निजी कंपनियों व उनके कर्मचारियों को भी नगर निगम में पंजीकृत किया जाएगा। अगले चरण में अन्य सफाईकर्मियों को भी इससे जोड़ने की योजना है।

योजना के तहत कर्मी आठ घंटे काम करने के बाद दूसरे काम भी कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जाएगा। बता दें कि यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त पहल है।

घंघरेठी के दो विद्यालयों में पीने का पानी नहीं, छात्र और स्टाफ परेशान

एक किमी. दूर जाकर पानी पीने को मजबूर हैं बच्चे, प्रधान व ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में पेयजल संकट गहराने से गांव के बाशिंदों परेशान हैं वहीं घंघरेठी गांव स्थित राजकीय प्राथमिक व राजकीय जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में भी पानी का अकाल पड़ चुका है। बूंद-बूंद पानी के लिए नौनिहाल व शिक्षक परेशान हैं। मजबूरी में बच्चें विद्यालय से एक किलोमीटर दूर जाकर हलक तर कर रहे। ग्रामीणों ने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

घंघरेठी गांव में स्थित विद्यालयों में चालीस से अधिक नौनिहाल शिक्षा लेने पहुंचते हैं। विद्यालय परिसर में पिछले कई महीनों से पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने से बच्चों को परेशान होना पड़ रहा है। कुछ नौनिहाल घरों से भारी भरकम बस्ते के साथ हाथों में पानी की बोतल लेकर विद्यालय पहुंच रहे हैं तो कई नौनिहाल स्कूल से एक किमी दूरी तय करने के बाद हलक तर कर रहे हैं यहीं नहीं बच्चे प्लास्टिक के डिब्बों में पानी लेकर अपने साथियों के लिए भी विद्यालय पहुंच रहे हैं। विद्यालय में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो जाने से ग्रामीणों में भी गहरा रोष व्याप्त है। ग्राम प्रधान कुंदन सिंह नेगी के अनुसार विद्यालय को ग्राम पंचायत की योजना से ही पानी उपलब्ध होता है पर प्राकृतिक जल स्रोत में ही पानी सूख जाने से आपूर्ति प्रभावित हो गई है। आरोप लगाया की जल जीवन मिशन योजना का कार्य भी अधूरा पड़ा है ऐसे में परेशानी बढ़ते ही जा रही है। पूर्व ग्राम प्रधान सोबन सिंह, पुष्कर सिंह, विजय सिंह, लक्ष्मण राम, जयपाल सिंह, मदन राम, तील राम आदि ने जल जीवन मिशन योजना से विद्यालय में पेयजल आपूर्ति सुचारु किए जाने की मांग उठाई है।

बयेड़ी पंपिंग पेयजल योजना के निर्माण में गुणवत्ताविहीन कार्य का आरोप

गरमपानी : तमाम गांवों को पानी उपलब्ध कराने को निर्माणाधीन बयेड़ी पंपिंग पेयजल योजना के निर्माण कार्यों पर सवाल खड़े हो गए हैं। धूराफाट संघर्ष समिति अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे ने मानक अनुसार कार्य न करने का आरोप लगा निर्माण कार्यों की जांच की मांग उठाई है। आरोप लगाया की यदि अनदेखी की गई तो फिर गांवों के बाशिंदों को साथ लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा। बलियाली, हिडाम, मुसौली समेत तीन दर्जन से भी अधिक गांवों में पानी का सूखा खत्म करने को करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन बयेड़ी पंपिंग पेयजल योजना के निर्माण कार्य विवादों में आ गए हैं वहीं कोसी नदी क्षेत्र में कार्य शुरू न होने पर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। योजना के तहत बनाए गए पेयजल टैंकों में भी गुणवत्ता का ख्याल न रखे जाने का आरोप लगा धूराफाट संघर्ष समिति ने मोर्चा खोल दिया है। संघर्ष समिति अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे ने आरोप लगाया है कि महत्वाकांक्षी योजना में समुचित बजट उपलब्ध होने के बावजूद लापरवाही बरती जा रही है। मुनाफे के फेर में गुणवत्ता से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। कई जगह मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष ने साफ कहा की मनमानी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि गुणवत्ताविहीन कार्य किए गए तो फिर गांवों के वाशिंदों को लेकर संघर्ष समिति आंदोलन को बाध्य हो जाएगी।

करोड़ों के बजट के बावजूद नहीं हो सका डामरीकरण

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के हालात किसी ग्रामीण मोटर मार्ग जैसे हो चुके हैं। 39 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध होने के बावजूद राजमार्ग दयनीय हालत में है। डामरीकरण न होने से यात्री व पर्यटक उबड़-खाबड़ हाईवे पर आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने एनएच विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत से आवाजाही करने वाले लोग परेशान है। खस्ताहाल राजमार्ग से जाम भी बड़ी समस्या बनता जा रहा है। लोहाली, रातीघाट, रामगढ़, दो पांखी, भोर्या बैंड़ में हालात विकट हो चुके हैं। डामरीकरण न होने से वाहन चालक भी परेशान हैं। तमाम टैक्स देने के बावजूद जर्जर राजमार्ग पर आवाजाही मजबूरी बन चुकी है। आए दिन वाहनों में भी तकनीकी खराबी आ जा रही है जबकि दुर्घटना का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव शेखर दानी, प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष मनीष तिवारी, नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी, फिरोज अहमद, पंकज नेगी, विक्रम सिंह, दीवान सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह आदि ने समुचित बजट के बावजूद कार्य लंबित होने पर रोष जताया है। जल्द राजमार्ग की हालत में सुधार न होने पर एनएच विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है

अनदेखी

- खस्ताहाल हाइवे से वाहनों में आ रही तकनीकी खराबी
- कैंची से काकड़ीघाट तक हालत सबसे ज्यादा खतरनाक

सार-संक्षेप

रिंकू और संजय को सह चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी

हल्दूचौड़ : प्रान्तीय उद्योग व्यापार मंडल हल्दूचौड़ के मुख्य चुनाव अधिकारी संदीप पांडे ने हल्दूचौड़ व्यापार मंडल चुनाव हेतु सह चुनाव प्रभारियों की घोषणा की, जिसमें सह चुनाव प्रभारी के लिए संजय दुम्का व त्रिलोचन पाठक (रिंकू) को सह प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पाण्डे, जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल गंगोला, हल्दूचौड नगर इकाई प्रभारी रविन्द्र बोरा ने खुशी व्यक्त की।

लखनऊ के लिए ट्रेन रवाना करने के दौरान मौजूद लोग।

रामनगर से लखनऊ के लिए विशेष ट्रेन शुरू

रामनगर : रामनगर से लखनऊ के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवा शुक्रवार से शुरू हो गई है। रामनगर से लखनऊ ट्रेन सेवा प्रारम्भ होने पर स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता जताई है। स्टेशन अधीक्षक रामनगर मदन पाल ने बताया कि यह ट्रेन रामनगर से सुबह नौ बजे चलकर काशीपुर, बाजपुर, लालकुआं, किच्छा, भोजपुरा, पीलीभीत होकर शाम 7.15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। शुक्रवार रात 9 बजे लखनऊ से रवाना होकर सुबह 7.30 बजे रामनगर पहुंचेगी। शुक्रवार और शनिवार को चलने वाले इस रेल सेवा के लिए रामनगर-चंडीगढ़ रेक का इस्तेमाल होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता को देखते हुए ट्रेन को सुबह 9 बजे रामनगर से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जीआरपी चौकी इंचार्ज गीता गोला, जगत सिंह, मोहम्मद यासीन आदि मौजूद रहे।

आंचल ने रखा 25 लाख की आइसक्रीम बेचने का लक्ष्य

हल्द्वानी : दूध, दही, छांछ आदि के साथ ही आंचल डेयरी आइसक्रीम में भी अन्य कंपनियों को टक्कर देने को तैयार है। इसके लिए डेयरी ने आगामी मई व जून माह के लिए 25 लाख रुपये की आइसक्रीम बेचने का लक्ष्य रखा है। आंचल डेयरी के मार्केटिंग प्रभारी संजय भाकुनी ने बताया कि आइसक्रीम की बिक्री बढ़ाने के लिए जिले भर में दर्जनों ई-कार्ट व दुकानों के बाहर से डेयरी के आउटलेट खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि आइसक्रीम में डेयरी के 20 उत्पाद अलग-अलग फ्लेवर में बाजार में उपलब्ध हैं। अप्रैल माह में अब तक डेयरी ने करीब आठ लाख रुपये की आइसक्रीम बेच दी है। बताया कि पिछले साल मई व जून में डेयरी ने करीब 12 लाख रुपये की आइसक्रीम बेची थी।

संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को दिया ज्ञापन

नैनीताल : कुमाऊं मंडल विकास निगम में लंबे समय से संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जाने व दैनिक वेतन भोगियों को समान कार्य समान वेतन दिए जाने की मांग को लेकर भाजपा नेता नितिन कार्की और सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निर्देशक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में नितिन कार्की का कहना है कि कुमाऊं मंडल विकास निगम में लंबे समय से कर्मचारी संविदा में काम कर रहे हैं। अधिकांश लोग दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम कर रहे हैं। लिहाजा उत्तराखण्ड शासन के श्रम अनुभाग के शासनादेश के आधार पर सभी कर्मचारियों को नियमित किया जाए। सभी कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन दिया जाए।

स्लीपर फैक्ट्री में फिर घुसा भालू, दहशत

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: दो दिन पूर्व टांडा रेंज से आबादी क्षेत्र में आया भालू गुरुवार रात पुनः स्लीपर फैक्ट्री में घुस गया। फैक्ट्री में मौजूद मजदूरों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पूरी रात रेस्क्यू किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। उसके बाद शुक्रवार शाम 4 बजे भालू को फैक्ट्री परिसर से इंडियन ऑयल के समीप स्थित जंगल की तरफ जाते हुए देखा गया, जिसके बाद मजदूरों ने राहत की सांस ली।

गुरुवार रात 10 बजे मजदूरों ने भालू को फैक्ट्री में देखा। सूचना पर तराई केंद्रीय वन विभाग गौला लालकुआं के एसडीओ अनिल जोशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भालू को रेक्स्यू करने का प्रयास किया लेकिन वन कर्मियों को सफलता हाथ नहीं लगी। जिस कारण मजदूरों व आसपास की मोहल्ले में भय का माहौल बना रहा। वन कर्मियों के साथ रेस्क्यू में स्थानीय लोग भी सम्मिलित रहे, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। शुक्रवार शाम 4 बजे भालू जंगल की ओर खुद ही चला गया।

गणेश गोदियाल आज रामनगर में

रामनगर: लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल शनिवार को पहली बार रामनगर पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि गोदियाल पार्टी कार्यालय में चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं की ओर से की गई मेहनत के लिए उनका आभार जताने पहुंच रहे हैं। पार्टी कार्यालय में गोदियाल के भव्य स्वागत के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूर्वाह्न 11 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद गोदियाल पार्टी कार्यालय में ही मीडिया से भी रूबरू होंगे।

कोटाबाग में तीन एकड़ गेहूं की फसल हाथियों ने रौंदी

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज अंतर्गत कोटाबाग में मड़ाई के लिए इकठ्ठे किए गए गेहूं की फसल को हाथियों के झुंड ने रौंद दिया। साल भर की फसल बर्बाद होने काश्तकार परेशान है। वनकर्मियों ने मौके पर फसल नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारीयों भेज दी।

कालाढूंगी रेंज के अंतर्गत मूसाबंगर बीट से सटे गांव पतलिया निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य पूरन प्रकाश ने बताया कि उन्होंने तीन एकड़ की गेहूं की फसल को मड़ाई के लिए एकत्रित किया हुआ था। अगले दिन मड़ाई होनी थी पर रात को दर्जन भर हाथियों के झुंड ने गेहूं की फसल पर धावा बोल दिया। पूरे ढेर गेहूं की बालियां खाकर तहस-नहस कर दिया। पूरन प्रकाश ने बताया कि गेहूं बुआई से लेकर पांच महीनों तक उन्होनें रातों को जागकर पहरा दिया था पर पूरे साल का अनाज हाथियों के झुंड ने एक रात में बर्बाद कर दिया। सूचना पर वन कर्मी रविन्द्र प्रसाद ने मौके पर पहुंच कर रिपोर्ट तैयार की। वनक्षेत्र अधिकारी मुकेश जोशी ने बताया कि उच्च अधिकारीयों को रिपोर्ट भेजी दि गई है जल्द फसल नुकसान का मुआवजा मिलेगा।

हाथियों द्वारा रौंदी गई फसल को दिखाता किसान। ● अमृत विचार

सनातन धर्म की रक्षा को एकजुट होने का आह्वान

संवाददाता, गरमपानी

भागवत कथा

- सनातनी संस्कृति के प्रचार प्रसार पर दिया गया जोर
- मां भगवती के जयकारों से गूंजा रूप सिंह धूरा गांव

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के सुदूर रूप सिंह धूरा गांव स्थित कोकिला माता मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत कथा से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कथा सुनने आसपास के गांवों से श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। कथा व्यास श्रीश्री 108 रमेश दास ने सनातन धर्म की रक्षा को सभी को एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। साथ ही सनातनी संस्कृति के प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

रूप सिंह धूरा गांव में स्थित कोकिला माता मंदिर में रोजाना की तरह धर्माचार्यों ने यजमान विनोद भट्ट व कुंदन भट्ट से विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। सीता राम बाबा की देखरेख में शुरू हुए कार्यक्रम में गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को विशेष प्रार्थना की गई। कथा व्यास श्रीश्री 108 रमेश दास ने मां की महिमा का गुणगान किया। कहा कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन मां कभी भी कुमाता नहीं हो सकती है। मां भगवती अपने भक्तों की सदा रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि सभी को सत्संग में जाना चाहिए। संतों का साथ करना चाहिए। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया। सतानती संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। कहा कि प्रभु भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय कर दिया। मां भगवती के जयकारों से क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। आसपास के हरतोला, उल्गौर, धारी, थुआ ब्लॉक, जाड़ापानी, लोहली, नथुआखान, गरमपानी, खैरना, चमड़ियां आदि तमाम क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। आयोजन समिति सदस्य दिनभर व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

बाजारों में पहुंचा दक्षिण भारत का आम, पसंद कर रहे हैं लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहरवासियों को दक्षिण भारत का आम भा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों, उत्तर प्रदेश आदि से होने वाले आमों की आवक से पहले तक बाजार में दक्षिण भारत के आम की धमक रहती है।

फलों का राजा माने जाने वाला आम बाजार में बिकने लगा है। हालाकिं, उत्तर भारत के कई राज्यों में अभी आम की फसल तैयार नहीं हुई है, इसलिए आगामी जून तक ही आम बाजार में आएंगे लेकिन वर्तमान में बाजार में दक्षिण भारत के राज्यों के आम उपलब्ध हैं। ये आम मीठे होने के साथ ही दाम में किफायती हैं। नवीन मंडी के आढ़ती एनके दानी ने बताया कि इन दिनों मंडी में वारांगल, तेलंगाना का आम उपलब्ध है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। बताया कि यह आम जल्दी खराब नहीं होता और स्वाद में खट्टा-मीठा होता है। वर्तमान में यह आम मंडी में 40-60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। बताया कि यह सफेदा आम से मिलता-जुलता है, जिसे बंगनपल्ली के नाम से जाना जाता है। इसकी अनूठी विशेषता लंबा आकार व नुकीले सिरे हैं। यह अन्य आमों की तुलना में थोड़ा बड़ा और इसका छिलका हल्के हरे रंग के साथ चिकना और पीला होता है, जिससे इसे पहचानना आसान हो जाता है।

आढ़ती देवानंद सिंधी ने बताया कि जब तक पर्वतीय क्षेत्रों से लंगड़ा, चौसा, दशहरी आदि आम बाजार में नहीं आते तब तक आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि प्रदेशों के आम ही चलते हैं।

बताया कि इन आमों में थोड़ा खट्टापन होता है, इसलिए ये मैंगो शेक आदि बनाने में ज्यादा प्रयोग किए जाते हैं। बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों और उत्तर प्रदेश से आगामी मई-जून में आम की आवक होने लगती है, जिससे दक्षिण भारत के आमों की मांग कम हो जाती है।

किसानों को शीघ्र दें आलू बीमा:कैड़ा

भीमताल : भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने राज्य सरकार से विधानसभा क्षेत्र में किसानों को आलू बीमा देने की मांग की है।

विधायक कैड़ा ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को फोन पर हुई वार्ता में बताया कि ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल कृषि बाहुल्य क्षेत्र हैं, यहां किसान सिर्फ खेती पर ही निर्भर रहकर है। इस वर्ष वर्फबारी व बारिश नहीं होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। बीमा कंपनियां भी किसानों को पिछले 2 साल से आलू, फल आदि का बीमे का मुआवजा नहीं दिया है। किसानों के बार-बार मांग करने के बाद बीमा कंपनियां किसानों को बीमे की रकम नहीं दे रही हैं जबकि किसानों ने कंपनी से आलू, फल समेत अन्य फसलों का बीमा कराया है। किसानों ने जो प्रीमियम की राशि बीमा कंपनी को दी थी, उक्त राशि तक कंपनी ने किसानों को नहीं दी है।

प्रमुख वन संरक्षक से वार्ता करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

बाघ पीड़ित परिवार सदस्य को नौकरी दी जाए

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने देहरादून में राज्य के वाइल्ड लाइफ प्रमुख समीर सिन्हा से मुलाकात कर बासीटीला के बाघ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग रखी।

बता दें कि 17 अप्रैल की शाम बासीटीला गांव में खेत पर जा रहे प्रमोद ऊर्फ पप्पू तिवारी पुत्र हरीश तिवारी को बाघ ने हमला कर मार डाला था। ग्रामीण हमलावर बाघ को पकड़ने या मारने और प्रमोद के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। विधायक बिष्ट ने बताया कि उन्होंने वाइल्ड लाइफ प्रमुख समीर सिन्हो से मृतक प्रमोद के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने व बाघ को अति शीघ्र पकड़ने की कार्रवाई के लिए कहा। इस दौरान विधायक के साथ भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, जिप्सी वेल्फेयर एसोसिएशन के जगदीश छिमवाल भी मौजूद रहे। वहीं बाघ के नहीं पकड़े जाने से गुस्साए लोगों ने रविवार को विधायक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

लापरवाही स्ट्रीट लाइन का रखरखाव करने वाली कंपनी के खिलाफ शिकायतें बढ़ने पर नगर निगम ने बीते छह माह से नहीं दिया गुणवत्ता प्रमाण-पत्र

नगर निगम की अनदेखी व ठेकेदार की लापरवाही से जनता परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नई स्ट्रीट लाइट लगाने व उनका रखरखाव करने वाली कंपनी से नगर निगम ठीक से काम नहीं करवा पा रहा और कंपनी भी लापरवाही से बाज नहीं आ रही है। नगर निगम और कंपनी की आपसे में ठनने से ज्यादातर वार्डों में लोगों को अंधेरे में ही आवागमन करना पड़ रहा है।

नगर निगम के सभी 60 वार्डों में नए स्ट्रीट लाइट लगाने व उनका रखरखाव करने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईएसएल) को 7 साल के लिए 18 करोड़ रुपये का ठेका मिला लेकिन स्ट्रीट लाइटों में प्रतिदिन शिकायतें आ रही हैं। नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता शुरुआत से ही खराब गुणवत्ता की स्ट्रीट लाइटें खरीदने का आरोप लगाते रहे हैं लेकिन इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारियों ने उक्त कंपनी के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया। इधर, कंपनी के खिलाफ शिकायतें बढ़ने पर नगर निगम ने पिछले नवंबर माह से उसे गुणवत्ता प्रमाण पत्र नहीं दिया, जिससे उसका भुगतान रुका हुआ है। ज्यादातर वार्डों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं और कंपनी के अधिकारी मरम्मत का सामान नहीं होने का हवाला दे रहे हैं लेकिन नगर निगम के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

> संबंधित मामले की जानकारी मिली है, जिस पर शीर्ष अधिकारियों से राय ली जा रही है। - **विमला जोशी**, सहायक आयुक्त, नगर निगम

केस 1 राजेंद्र नगर, वार्ड-12 के विनोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा लाइटें पिछले एक महीने से खराब हैं लेकिन ऑनलाइन शिकायत करने के बावजूद ये सही नहीं हो पाई हैं। बताया कि क्षेत्र में वाल्मिकी बस्ती, व नाले के पास, गली-3, राजपुरा आदि में लगी स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे जनता को काफी परेशानियां हो रही हैं। कहा कि पूर्व में शिकायतों के बाद नगर निगम के कर्मचारियों ने केवल चार-पांच लाइटों की ही मरम्मत की और अन्य लाइटों को सामान की कमी का हवाला देकर वैसे ही छोड़ गए।

केस 2 ज्वाहर ज्योति, वार्ड-37 के मन्नू गोस्वामी ने बताया कि वार्ड में 30 से अधिक लाइटें खराब पड़ी हैं, जिसमें हरिपुर गांगू, हरिपुर सील, रौतेला व ग्रीन वैली कॉलोनी, हल्दीखाल, मल्ला चौपला में मित्रपुरम व कृष्ण कुंज कॉलोनी की लाइटें शामिल हैं। कहा कि वार्ड के कई क्षेत्र जंगल से जुड़े हुए हैं लेकिन शिकायत करने के बाद भी लाइटों की मरम्मत नहीं की जा रही है।

केस 3 बिठौरिया, वार्ड-39 के निवर्तमाव पार्षद मनोज कुमार जोशी ने बताया कि पहले ऑनलाइन शिकायत करने पर नगर निगम के कर्मचारी दो-चार दिन में लाइट सही कर जाते थे लेकिन अब कई बार शिकायत करने के बाद भी लाइटें खराब पड़ी हैं। बताया कि गौड़धड़ा, धार बिठौरिया आदि जगहों में लाइटें कई दिनों से खराब पड़ी हैं।

केस 4 तल्ली बमौरी, वार्ड-9 के निवर्तमान पार्षद राजेंद्र सिंह जीना ने बताया कि क्षेत्र में 8-10 लाइटें खराब पड़ी हैं, जिसमें आनंदपुरी फेज-3, कलावती कॉलोनी, निशांत विहार, महेश नगर आदि शामिल हैं। बताया कि नगर निगम ने दो-तीन प्रकार की लाइटें लगा रखी हैं, कर्मचारी अक्सर लाइटों का सामान न होने का बहाना बनाते हैं।

केस 5 दमुवाढूंगा, वार्ड-35 निवासी महेशानंद आर्य ने बताया कि जवाहर ज्योति, तल्ला प्लॉट, बेड़ीखत्ता आदि में 15-16 जगहों पर लाइटें खराब पड़ी हैं। ऑनलाइन शिकायत दर्ज किए एक महीना हो गया है लेकिन लाइटें सहीं नहीं हुई हैं।

केस 6 बिठौरिया पश्चिम, वार्ड 46 के निवर्तमान पार्षद गोपाल बिष्ट बताते हैं कि क्षेत्र में नया नगर से चंबलपुर तक दर्जनों लाइटें महीनों से खराब हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

एक नजर

नशे के कारण बेहोश हुई महिला, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

रामनगर : छोटे बैराज के समीप शुक्रवार दोपहर सड़क पर एक महिला बेहोशी की हालत में मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि महिला नशे की हालत में है और कुछ भी बोल नहीं पा रही है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर कुछ लोगों ने छोटे बैराज पर महिला को बेहोश पड़े देखा। इस पर महिला पुलिस के जवानों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि यह महिला कुछ दिन पूर्व भी सड़क पर घूमते हुए दिखाई दी थी। पुलिस ने बेहोशी की हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से हल्द्वानी में सत्संग आज

हल्दूचौड़ : मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से हल्द्वानी के मुखानी चौराहे के समीप स्थित खाटू श्याम मंदिर में शनिवार को दोपहर 2 :00 बजे से शाम 6 :00 बजे तक विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न तीर्थ स्थलों के संत महात्मा व्याख्यान देंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक घनश्याम रस्तोगी ने दी।

नए विषयों की जानकारी नहीं होने पर भटकते रहते हैं विद्यार्थी

विश्वविद्यालय की ओर से वेबसाइट पर अपलोड नहीं की जाती जानकारी, हर साल जुड़ते हैं कुछ नए मानइर विषय, समय पर परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर पाते

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सेमेस्टर परीक्षाओं में विषयों के चयन को लेकर विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति रहती है। नए विषयों की जानकारी के अभाव में विद्यार्थी परेशान रहते हैं और जानकारी जुटाने के लिए कॉलेज में भटकते रहते हैं।

दरअसल पूर्व में पहले सेमेस्टर में ही विषयों का चुनाव कर लिया जाता था और आखिरी सेमेस्टर तक विद्यार्थी इन्हीं विषयों की परीक्षा देते थे लेकिन अब हर सेमेस्टर में एक माइनर विषय का चुनाव करना होता है। कुल चार माइनर विषय होते हैं जिसमें विद्यार्थी एक विषय चुनता है। नए माइनर विषयों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड नहीं होने के कारण विद्यार्थी इसकी जानकारी जुटाने के लिए कॉलेज में प्रधानाचार्य और प्रोफेसरों के चक्कर काटते रहते हैं।

कई बार प्रोफेसरों तक को नए माइनर विषय की जानकारी नहीं रहती है जिससे विद्यार्थी समय पर परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर पाते हैं। वर्तमान में शहर में एमबीपीजी कॉलेज के अलावा अन्य कॉलेजों में इन विषयों का संचालन नहीं हो रहा है जिससे यहां काफी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश ले रहे हैं। कॉलेज के प्रोफेसरों और विद्यार्थियों का तर्क है कि विश्वविद्यालय की ओर से कुल 6 सेमेस्टर के लिए विषयों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की जानी चाहिए और नया विषय जुड़ने पर उसकी जानकारी भी वेबसाइट पर दी जानी चाहिए। दूसरी समस्या यह है कि विद्यार्थियों को कोर्स का नाम तो पता चल जाता है लेकिन इनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी नहीं उपलब्ध कराई जाती है जिससे विद्यार्थी विषय चुनने को लेकर हमेशा भ्रम की स्थिति में रहता है। एनईपी के तहत माइनर विषय चलाए जा रहे हैं। विवि की ओर से एक नया सप्लीमेंटरी कोर्स शुरू किया गया है जिसका नाम बेसिक स्किल इंस्ट्रूमेंटेशन स्किल कोर्स है। इसमें केवल विज्ञान ही नहीं बल्कि इंजीनियरिंग, मेडिकल और सभी मानवीय मापकों के बारे में जानकारी दी जाती है।

परीक्षार्थियों की संख्या का पता न होने से सीटों की व्यवस्था में आती है दिक्कत

माइनर विषयों की जानकारी न होने से विद्यार्थी परीक्षा से एक दिन पहले तक परीक्षा के लिए आवेदन करते हैं जिससे परीक्षा में बैठने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या का पता नहीं चल पाता है। इस कारण कॉलेज में आयोजित की जाने वाली परीक्षा में विद्यार्थियों के बैठने के लिए सीटों की व्यवस्था करने में भी दिक्कतें आती हैं। एमबीपीजी कॉलेज में 2 मई से सेमेस्टर परीक्षाएं होनी हैं लेकिन विषयों की जानकारी न होने के कारण इन दिनों विद्यार्थी कॉलेज में भटक रहे हैं। शुक्रवार को भी कई विद्यार्थी प्रोफेसरों से इस संबंध में जानकारी लेने पहुंचे।

नए कैलेंडर में ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती

हल्द्वानी : नया शैक्षणिक कैलेंडर जारी होने के बाद एमबीपीजी कॉलेज में प्राध्यापकों व कार्मिकों को गर्मियों में मिलने वाले अवकाश में कटौती कर दी गई है। एमबीपीजी कॉलेज में इन दिनों वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं और 2 मई से सेमेस्टर परीक्षाएं होनी हैं। इसके बाद 19 मई से 15 जून तक यूजी-पीजी और आरडीईटी के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी टेस्ट होगा। आम तौर पर कॉलेज में 45 दिनों का ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है लेकिन इस बार यह अवकाश 21 जून से 10 जुलाई तक है।

राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज नाई में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

छात्रों को दी करियर की जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

कार्यक्रम

- **ओखलकांडा ब्लॉक स्थित राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज नाई में हुआ कार्यक्रम**

अमृत विचार : ओखलकांडा ब्लॉक स्थित राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज नाई में समग्र शिक्षा अभियान के तहत करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनके करियर के प्रति क्या सोच है, इसके बारे में जानने के लिए उन्हें गूगल फॉर्म भेजा। विद्यार्थियों ने गूगल फॉर्म भरा और साथ ही पर्ची में अपने करियर के विषय में और उसके चयन के बारे में लिखकर ड्रॉप बॉक्स में डाला।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्जुन कुमार शाह, मुख्य अतिथि सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के सहायक अध्यापक डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार ने द्वीप प्रज्वलित और छात्र-छात्राओं के सरस्वती वंदना से हुआ।

ड्रॉप बॉक्स और ऑनलाइन गूगल फॉर्म से प्राप्त सुझावों के आधार पर सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार ने छात्र-छात्राओं को करियर के सभी क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यालय की करियर गाइडेंस समिति के सदस्यों ने भी बच्चों के करियर संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए। इस दौरान सहायक प्राध्यापक, विद्यालय का स्टाफ और शिक्षणेत्तर कार्मिक उपस्थित रहे।

कपिलाश्रमी के जगदीश ने हासिल किया तीसरा स्थान

हल्द्वानी : उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की परिषदीय परीक्षा का पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (दसवीं) और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (बारहवीं) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम में दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत विद्यालय के पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष के छात्र जगदीश तिवारी ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जगदीश ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष में कुल 754 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 752 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और कुल प्रतिशत 89 .22 रहा। पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा दोनों ही परीक्षाओं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र भट्ट ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को शुभकामनाएं दी हैं।

सीआरपीएफ के स्कूल में अब आम बच्चे भी पढ़ेंगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

सौगात

- **अभी तक सिर्फ सीआरपीएफ कर्मियों के ही बच्चों को मिलती थी शिक्षा**
- **मौजूदा सत्र से नर्सरी व एलकेजी की कक्षाएं की जाएंगी संचालित**

अमृत विचार : केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्कूल में अब आम नागरिकों के बच्चों को भी दाखिला मिलेगा। इसी सत्र से सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम में मोंटेसरी स्कूल में नर्सरी और एलकेजी की कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी।

सीआरपीएफ की ओर से काठगोदाम में मोंटेसरी विद्यालय शुरू किया जा रहा है। नए शैक्षणिक सत्र के लिए 1 मई से विद्यालय की शुरूआत हो रही जिसमें फिलहाल नर्सरी व एलकेजी की कक्षाएं चलाई जाएंगी। विद्यालय में स्थानीय बच्चों के साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बलों के सेवारत/ सेवानिवृत्त/ शहीद कार्मिकों के बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में सीआरपीएफ काठगोदाम के उपमहानिरीक्षक शंकर दत्त पांडे ने आदेश जारी करते हुए बताया कि मोंटेसरी विद्यालय के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं और विद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। विद्यालय में स्थानीय सिविल ग्रामीण बच्चों के लिए 500 रुपये प्रति वार्षिक प्रवेश शुल्क, 200 रुपये प्रति वार्षिक परीक्षा शुल्क और 900 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों की उम्र जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड से निर्धारित की जाएगी। उन्होंने खेडा, गौलापार की ग्राम प्रधान लीला बिष्ट से कैंप के आसपास रहने वाले ग्रामीणों से बच्चों को इस संबंध में अवगत कराने को कहा।

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन हल्द्वानी डिपो के चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

राकेश अध्यक्ष व नितिन बने शाखा मंत्री

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की शाखा हल्द्वानी का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ।

इसमें शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार, शाखा मंत्री नितिन दीक्षित, शाखा उपाध्यक्ष प्रथम विश्वास सिंह, शाखा उपाध्यक्ष द्वितीय योगेश जोशी, संयुक्त मंत्री मोहम्मद आफताब, संगठन मंत्री अमित कुमार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान और मीडिया प्रभारी अजय सिंह चुने गए है।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मंडलीय मंत्री गोपेश्वर श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई वहीं चुनाव आनंद सिंह बिष्ट, किशोरी लाल और मनोज भट्ट की देखरेख में पूरा हुआ।

डीके स्पोर्ट्स ने किया क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश

हल्द्वानी, अमृत विचार : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अगुवाई में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-16 जिला लीग का पहला सेमीफाइनल मैच डीके स्पोर्ट्स व जीएनजी के बीच हुआ। जीएनजी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 181 रन का स्कोर खड़ा किया।

टीम के लिए कुशाग्र कोरंगा ने 77 रनों का योगदान दिया जबकि डीके स्पोर्ट्स की टीम से राकेश बिष्ट ने 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम मे 34वें ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर मैच अपने नाम कर फाइनल में जगह बनाई। टीम के लिए अथर्व अग्रवाल ने शतकीय पारी खेलते हुए 110 रनों का योगदान दिया।

कांग्रेस से नाराज मुस्लिमों ने भाजपा को दिया वोट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

दावा

- **पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया दावा, कहा-हरिद्वार संसदीय सीट पर जमकर हुआ मतदान**

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोकसभा चुनाव में पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया है।

रावत ने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं चुनाव के दौरान पूरी तरह हताशा दिखाई दी जिसके चलते वे जनता के बीच वोट मांगने नहीं गए। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सनातन संस्कृति का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से किनारा किया था, जिससे देश की जनता नाराज है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार संसदीय सीट पर मुस्लिम मतदाताओं ने भारी संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोट भी भाजपा को मिला है।

मुस्लिम मतदाता भी कांग्रेस से नाराज है क्योंकि कांग्रेस ने उनको सिर्फ राजनीतिक रूप से इस्तेमाल करने का काम किया है। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

जर्जर भवन में आग लगने से बाजार में अफरा-तफरी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बरेली रोड पर दोपहर एक खंडहर की छत पर आग लग गई। आग भड़की तो आस-पास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। आग फैलती इससे पहले ही उस पर काबू पा लिया गया।

मंगलपड़ाव स्थित पेट्रोल पंप के सामने एक खंडहर मकान है। जिसकी छत पर कूड़ा और सूखे पत्तों का ढेर जमा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोपहर शार्ट सर्किट के छत पर पड़े कूड़े के ढेर में आग लग गई। सूखे पत्तों की वजह से आग तेजी से फैल गई। यह देख दुकानदारों ने आनन-फानन में दमकल को सूचना दी और खुद आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। कुछ ही देर में दमकल वाहन मौके पर पहुंच गया। तब तक आग को बढ़ने से रोक लिया गया था। दमकल ने आग को पूरी तरह बुझा लिया।

जेईई मेन में सिंथिया स्कूल के बच्चों का अच्छा प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार विद्यालय के 3 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की है जिसमें युवराज सिंह ने 97.23, शिवम लोहनी ने 94.79 और शीतल शाह ने 84.78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनडीए, नीट, सीए, बैंक आदि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थी अव्वल रहते हैं। प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

हवाई बयानबाजी : हकीकत यह है कि नगर निगम के अधिकारी पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए अपनी पीठ स्वयं थपथपा लें, लेकिन हकीकत यह है कि हल्द्वानी के सबसे पुराने डीके पार्क का हाल बेहाल है। नगर निगम की शिथिलता और लापरवाही के चलते अब इसमें गंदगी के साथ ही मच्छर भी पनप रहे हैं। ● फोटो-संजय कनेरा

दिव्यांगों की हरसंभव मदद होगी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : यूएसआर इंदू समिति की ओर से संचालित जेएसआर स्पेशल चिल्ड्रन स्कूल में साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्वार्थ कुमार ने दिव्यांग बच्चों के हित में सभी कार्यों में सहयोग की बात कही। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्वार्थ कुमार, बार एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, अधिवक्ता एमएस मेहता एवं गौरव तिवारी, पीएलवीएस जीवन सत्यवली सहित उप निरीक्षक नंदन सिंह नेगी ने जेएसआर स्कूल का निरीक्षण किया तथा बच्चों और उपस्थित कर्मचारियों से चर्चा की। इस दौरान बच्चों और स्कूल स्टाफ को विधिक साक्षरता को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था की पैरामेडिकल कर्मचारी ज्योतिका रावत तथा पूनम सत्यवली सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट से संस्था के संबंध में मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर जानकारी दी।

दिव्यांग बच्चों के साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्वार्थ कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

इस दौरान वीरेंद्र रावत, प्रोबेशनर अधिकारी, अनिता गुसांई, परामर्शदाता, हिमांशु रावत तथा ब्रजमोहन लेखाकार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। जेएसआर स्कूल आवासीय होने के कारण दिव्यांग बच्चे भी इस दौरान उपस्थित थे।

एक साल में 1282 लोगों को मिला लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पशुपालन विभाग का दावा है कि उसने ज्यादातर योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया लेकिन हकीकत यह है कि पिछले साल पांच योजनाओं में महज 1282 लोगों ही लाभ मिल पाया है।

पिछले साल पशुपालन विभाग की मुख्य रूप से पांच योजनाएं चलाईं, जिसमें गाय, बकरी, भेड़ पालन आदि शामिल हैं लेकिन कुमाऊं के छह जिलों में इनमें केवल 1282 लोगों को लाभ दिया गया। पशुपालन विभाग ने एससी-एसटी वर्ग के लिए गाय पालन योजना के तहत नैनीताल, यूएस नगर, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत जिलों में सालभर में महज 484 लोगों को लाभ दिया। इसी तरह सभी छह जिलों में एससी-एसटी वर्ग के लिए बकरी पालन योजना में 311, महिलाओं के लिए बकरी पालन योजना में 158 और सामान्य जाति के लिए बकरी पालन योजना में 312 व भेड़ पालने में 17 लोगों को लाभ मिल पाया।

इधर, पशुपालन विभाग के निदेशक उदय शंकर का कहना है कि ज्यादातर योजनाएं समाज के वंचित लोगों के लिए हैं, जिसमें राज्य सरकार की ओर से 90 प्रतिशत और लाभार्थी को 10 प्रतिशत अंशदान देना होता है।

जरूरतमंदों को मिलेगा न्याय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : समरसता दिवस पर अधिवक्ता परिषद ने लामाचौड़ स्थित वासुदेवा ला कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

संयोजक ललित मोहन जोशी ने कहा, अधिवक्ता परिषद राष्ट्रवादी अधिवक्ताओं का समूह है, जिसका उद्देश्य न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण करते हुए क्षेत्रीय भाषा में समाज के अंतिम छोर मे खड़े व्यक्ति को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला समरसता प्रमुख अधिवक्ता कमल कपिल ने समरसता को भारतीय परंपरा के अनुसार परिभाषित करते हुए सही अर्थों में समरसता को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता जिला कार्यवाह जिला गोधन सिंह धोनी, सूरज प्रकाश तिवारी, कुंवर नृपेंद्र सिंह रौतेला, चंदन मेहता, रोहित पाठक, राजवेंद्र क्वीरा, पीयूष तिवारी, भरत भंडारी, डा.चंद्र शेखर जोशी, अमित गोयल, ललित मोहन गुरुरानी, अनिल धानक, अर्चना कश्यप, हिना गुप्ता, डा अभिमन्यु गाधी, कपिल जोशी , खुशाल सिंह बोरा, निदेशक प्रशासन गौरव जोशी आदि मौजूद रहे। संचालन डा. राजीव दुबे जी ने किया।

दीप प्रज्जवित कर समरसता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या।

अप्रैल की गर्मी ने तोड़ा पिछले 13 सालों का रिकॉर्ड

अधिकतम तापमान पहुंचा 39 डिग्री सेल्सियस के पार, मई में चलने वाली गर्म हवा अप्रैल में ही दिखाने लगी गर्मी, लोग हुए बेहाल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: तराई में अप्रैल माह में हो रही गर्मी ने पिछले 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले 13 साल में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है, लेकिन इस बार 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई है।

जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2011 में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा है। इसी तरह वर्ष 2012 में अधिकतम तापमान 36.5, वर्ष 2013 में 36.8, वर्ष 2014 में 38, वर्ष 2015 में 32.5, वर्ष 2016 में 38.2, वर्ष 2017 में 38.5, वर्ष 2018 में 38.5, वर्ष 2019 में 38.5, वर्ष 2020 में 38.5, वर्ष 2021 में 16.6, वर्ष 2022 में 39 और वर्ष 2023 में 33 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है। वहीं इस माह की 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

> पिछले 13 साल में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है, लेकिन इस बार 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 .4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि हो सकती है। यह अलनीनो का असर है। –डॉ .आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत विश्वविद्यालय



मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अप्रैल माह के अंत में जिस प्रकार की गर्म हवाएं चल रही हैं वह मई माह में चलती हैं। यह हवाएं भी 8 से 10 दिन तक चलती थी, लेकिन इस बार जो गर्मी हो रही है उसे देखकर लगता है कि आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि होगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बढ़ती गर्मी का कारण अलनीनो को बताया है।

पहाड़ों में हो सकती है हल्की बूंदाबांदी तराई में गर्मी बढ़ने की संभावना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पिछले एक सप्ताह से लगातार तापमान में वृद्धि होती जा रही है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान नजर आए। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत आदि जनपदों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जतायी है, जबकि ऊधमसिंह नगर में तापमान में और अधिक वृद्धि होने की संभावना जतायी है।

▸▸ **अधिकतम तापमान 39.4 और न्यूनतम तापमान रहा 19.8 डिग्री सेल्सियस**

तराई में 20 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस था। इसी तरह 21 अप्रैल को 37.7 और 18.3 डिग्री, 22 अप्रैल को 36.5 और 17.5, 23 अप्रैल को 37.6 और 17.4, 24 अप्रैल को 37.5 और 17.1, 25 अप्रैल को 37.2 और 17.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वातावरण में नमी की मात्रा 17 फीसदी और 13.8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम से हवाएं चलीं।

जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान और अधिक वृद्धि होगी।

स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते लोग। ● अमृत विचार

शिविर में पहुंच रहे बुखार और जुकाम के मरीज

संवाददाता, काशीपुर

आयोजन

▸▸ **चैती मेले में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया है निशुल्क कैंप**

अमृत विचार : ऐतिहासिक चैती मेले में भीड़ बढ़ गई है। इससे मेले की रौनक और बढ़ती जा रही है। मेले में घूमने आ रहे कई लोग बुखार व जुकाम की शिकायत लेकर स्वास्थ्य कैंप में आ रहे हैं। डॉक्टर दवा देकर उचित दूरी बनाने को कह रहे हैं।

चैती मेले में झूले, सिलबट्टा बाजार, ढोलक बाजार में शाम होते ही भीड़ उमड़ रही है। वहीं लोग स्वास्थ्य संबंधित कोई भी दिक्कत होने पर परिसर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई व स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में निशुल्क रेडक्रास शिविर में दिखा रहे हैं। बताया कि शिविर में जुकाम, बुखार गला दर्द, सिर दर्द, एलर्जी, डायरिया के साथ साथ पेट दर्द, गम्भीर चोटों के रोगियों की संख्या अधिक है। डॉक्टरों के अनुसार जुकाम और बुखार के मरीजों के लिए विशेष गाइड लाइन बनाई गई है। उन्हें दवा देकर भीड़ से दूरी बनाने को कहा जा रहा है। बताया कि रोजाना पांच से छह मरीज जुकाम बुखार के आ रहे हैं। वहीं मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेले में धूल न उड़े, इसको लेकर लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

एक नजर

ट्रैक्टर ट्रॉली से बिजली तार टूटा, घंटों बिजली गुल

खटीमा : वन निगम की लकड़ी से ओवरलोड भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे कई घंटो तक ग्रामीण बिना बिजली के रहे। शुक्रवार को शाम ग्राम मुडेली में वन निगम की लकड़ी को लेकर जा रही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली से विद्युत लाइन टूट गई, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों की ट्रैक्टर ट्रॉली चालक से काफी देर तक नोकझोंक होती रही। विद्युत तार के टूटने से ग्रामीण घंटो तक अंधेरे में रहे। मौके पर पहुंच विद्युत विभाग की टीम ने टूटी हुई विद्युत तारों को जोड़ा।

तन्मय का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में चयन

खटीमा : नोजगे पब्लिक स्कूल की छात्र तन्मय ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की नवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा पास कर ली है। तन्मय की इस सफलता पर प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, मधुमिता मुखर्जी, कुसुम शर्मा, रेखा पांडे, मंजू भट्ट, रश्मि पाहवा, गिरीश जोशी, अमित जोशी, दीपा भट्ट, अनीता परवल, उस्मान बाबर,नवीन चंद, धीरज गुप्ता, सुमित घोष आदि ने बधाई दी है।

105 पाउच कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर : सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस ने ग्राम जगतपुरा कुंडेश्वरी थाना काशीपुर निवासी सोनू को 105 पाउच कच्ची शराब (52 लीटर) के साथ गिरफ्तार किया है। शराब परिवहन में प्रयोग की गई बाइक संख्या यूके18क्यू7031 को भी कब्जे में लेकर एमवी एक्ट में सीज किया गया है। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

मतगणना होने तक सजग रहें पुलिस कर्मी

सतर्कता

▸▸ **मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने दिए आदेश**

▸▸ **21 पुलिसकर्मियों को दिया प्रशस्ति पत्र**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने अधीनस्थों के साथ अपराधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में मतगणना होने तक पुलिस कर्मी सजग रहें और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में हुई बैठक में एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि जिस प्रकार मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। इसमें पुलिस कर्मियों की अहम भूमिका रही है। इसके साथ ही मतगणना पूर्ण होने तक पुलिस कर्मी सजग रहें और हर असामाजिक तत्व पर अपनी पैनी नजर बनाए रखें। इसके लिए इलाके में गश्त बढ़ाना जरूरी है। इसके अलावा विवेचक निर्धारित समय पर विवेचनाओं को पूर्ण कर वांछितों की धरपकड़ की ओर ध्यान दें। अपने-अपने थाना इलाकों में गोष्ठी कर प्रकरणों का निदान करें।

अधीनस्थों के साथ बैठक करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

एसएसपी ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में चेकिंग कर नशा तस्करी की रोकथाम की कोशिश करें। इस दौरान एसएसपी ने 21 पुलिसकर्मियों को सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ अनुषा बडोला, सीओ निहारिका तोमर, सीओ ओमप्रकाश शर्मा, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, सीओ संचार रेवाधर मठपाल मौजूद रहे।

युवती का एडिट वीडियो वायरल करने पर युवक दबोचा

खटीमा। उत्तर प्रदेश की जालौन साइबर पुलिस ने युवती का वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में स्थानीय पुलिस के सहयोग से नौसर के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे अपने साथ जालौन ले गई है। उत्तर प्रदेश के जिला जालौन थाना उरई पुलिस टीम और साइबर टीम सत्रहमील चौकी पहुंची। इसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ साइबर टीम ने नौसर गांव पहुंचकर फिरोज अली को हिरासत ले लिया। साइबर टीम ने बताया कि आरोपी ने जालौन की एक युवती के वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। यह भी बताया कि पीड़िता ने जालौन के थाना उरई में शिकायत दर्ज कराई है कि फिरोज से उसका सोशल मीडिया पर प्रेम प्रसंग चल रहा था। ब्रेकअप होने के बाद युवक ने युवती की फोटो गलत तरह से एडिट कर वीडियो वायरल कर दिया है। टीम में चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एसआई अनिल कुमार, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, साइबर टीम हेड कांस्टेबल आशुतोष, कृष्ण वीर समेत कई लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

कक्षाओं को रुचिकर बनाने के गुर सिखाए

संवाददाता, रुद्रपुर

नालंदा स्कूल में कार्यशाला

अमृत विचार: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड देहरादून की ओर से हिंदी क्षमता निर्माण कार्यशाला का नालंदा पब्लिक स्कूल किच्छा में आयोजन हुआ। इसमें हिंदी भाषा शिक्षण में आने वाली चुनौतियां एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई। कार्यशाला में लगभग 48 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इसका शुभारंभ विद्यालय के संयुक्त निदेशक डॉ. राहुल किशोर, निदेशक मंजुला किशोर, प्रधानाचार्य मुकेश रॉय, सीबीएसई की ओर से नियुक्त विषय विशेषज्ञ डॉ. मदन सिंह रावत और आशा बाजपेई ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस दौरान विषय विशेषज्ञ डॉ. रावत ने हिंदी विषय के विभिन्न पहलुओं, भाषा कौशल पर मूल्यांकन एवं आकलन पर उसके मूल्यांकन स्तरों, अधिगम, पाठ योजना, अनुच्छेद लेखन आदि विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही कक्षा को रुचिकर बनाने के गुर सिखाए। विषय विशेषज्ञ आशा बाजपेई ने बच्चों की रचनात्मक शैली के विकास और शिक्षण कार्य को व्यावहारिक सहज, सरल एवं उत्साहवर्धक बनाने के गुर सिखाए। इस दौरान चार्ट से विज्ञापन लेखन, लेखक का अवधारणा चित्र, पाठ योजना, कहानी एवं संवाद का मंचन किया और प्रश्न पूछकर कार्यशाला को रोचक बनाया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ। इससे पूर्व बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व शिक्षक। ● अमृत विचार

भर्ती
35-सिक्योरिटी गार्ड
रामनगर, काशीपुर, नैनीताल
वेतन - 12,000-14,000
खाने, रहने, EPF , ESI
साप्ताहिक अवकाश
GK SECURITY & PALACEMENT SERVICES
(A PSARA Regd. Company)
रामनगर
Contact : 7088282000
7088283000, 9639571000

सूचना

मैं अब्दुल रहमान पुत्र श्री मोहम्मद याकूब, नि० वार्ड नं० 11, पशु चिकित्सालय वार्ड, गदरपुर, तह० गदरपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड का निवासी हूँ। मुझ प्रार्थी ने अपने पुत्र शाहनवाज को उसके अमर्यादित कृत्यों के चलते अपनी समस्त प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। – **अब्दुल रहमान पुत्र श्री मोहम्मद याकूब, नि० वार्ड नं० 11, पशु चिकित्सालय वार्ड, गदरपुर, तह० गदरपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड**

विरिया मझोला के विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संदर्भदाता और शिक्षक।

बच्चों को मिला वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का मौका

खटीमा, अमृत विचार : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला में शिवालिक बाल विज्ञान फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय विज्ञान ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 6 से 10 तक के 100 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय में कार्यशाला संस्था के वैज्ञानिक सलाहकार निर्मल न्योलिया तथा सत्यम चौरसिया के निर्देशन में आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में छात्रों को विज्ञान को गहराई से समझने का मौका दिया। संस्था सचिव विनय जोशी ने नवीं और 10वीं के बच्चों को विज्ञान की विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप पांडे ने संस्था का आभार व्यक्त किया। संदर्भदाता के तौर पर शिवालिक बाल विज्ञान फाउंडेशन से सचिव विनय जोशी, हर्षित सामंत, सुमित पांडे, विज्ञान शिक्षक सरस्वती पाल, तारावती, सादो सिंह, मनोज चमियाल, ललित मोहन कापड़ी, रतन सिंह राना, रेनू उपाध्याय उपस्थित थे।

भूमिधरी अधिकारों की मांग को लेकर किसानों का क्रमिक अनशन जारी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर बाजपुर में पिछले लंबे समय से चल रहा भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन लगातार जारी है।

शुक्रवार को निजी स्थान पर चल रहे आंदोलन के 270वें दिन अशोक गोयल, सिकंदर सिंह, देवेश प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह को भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने माल्यार्पण कर क्रमिक अनशन बैठाया। इस दौरान भूमि बचाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प दोहराया गया।

इस मौके पर प्रतिष्ठित व्यापारी बाजवा ने कहा कि उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है, ऐसे में सरकार को अब बाजपुर के 20 गांव की समस्या के समाधान पर ध्यान देना चाहिए और अपने आश्वासन के मुताबिक यथाशीघ्र बाजपुर के हजारों किसानों, मजदूरों, व्यापारियों के परिवारों को न्याय देना चाहिए। इस मौके पर सुखवंत सिंह, कर्मजीत सिंह शौकर, रंजीत सिंह शौकर, निशान सिंह, जसमीत सिंह भुल्लर, राजकिशोर सिंह, रतन बाजवा, मंजीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

बाजपुर में भूमि बचाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प दोहराते किसान, मजदूर व व्यापारी।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय महोदय, जिला उधमसिंह नगर
तलाक याचिका संख्या 30/2024
प्रार्थीनी - श्रीमती शकुन्तला
बनाम्
रेस्पोन्डोन्ट - अमित गुप्ता
सम्मन बनाम :- अमित गुप्ता पुत्र श्री रिषी गुप्ता, निवासी रामजीवनपुर नं० 3, गदरपुर, तहसील गदरपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड
चूंकि प्रार्थीनी उपरोक्त द्वारा आपके विरूद्ध धारा 13ए हिन्दु विवाह अधिनियम के तहत तलाक याचिका न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की है, जिसकी सुलहवार्ता हेतु दिनांक 04-05-2024 नियत है। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को ववक्त 10 बजे दिन इस न्यायालय में असालतन या मार्फत किसी वकील के हाजा होकर अपनी जबावदेही पेश करें। वर्ना आपकी गैर हाजिरी में एक तरफा सुनवाई की जायेगी।
आज दिनांक 25-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी।
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
जिला उधमसिंह नगर

चिंताजनक जसपुर में यूसीएफ के क्रय केंद्र पर हुई खरीद, बाजार में एमएसपी से अधिक रेट मिलने पर क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे किसान

26 दिन में मात्र 984 .50 क्विंटल गेहूं की खरीद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर में गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू हुए 26 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक मात्र 984.50 क्विंटल गेहूं की ही खरीद हो पाई है। यह खरीद यूसीएफ के क्रय केंद्र पर हुई है, जबकि खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों पर अब तक खाता तक नहीं खुला है। आने वाले दिनों में इन क्रय केंद्रों में खरीद होने की उम्मीद भी कम ही नजर आ रही है।

दरअसल, एक अप्रैल से कुमाऊं के साथ ही ऊधमसिंह नगर में गेहूं की खरीद की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। कुमाऊं को इस गेहूं खरीद सत्र में खरीद का लक्ष्य 39 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला हुआ है। इसके लिए ऊधमसिंह नगर जनपद में 47 क्रय केंद्र बनाए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 9, यूसीएफ के 35 और एनसीसीएफ के 3 क्रय केंद्र बनाये गये हैं। वहीं इस बार खाद्य विभाग को 6000 मीट्रिक टन, यूसीएफ को 20000 मीट्रिक टन, एनसीसीएफ को 1000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

> एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी थी। अब तक यूसीएफ के जसपुर क्रय केंद्र पर ही गेहूं की खरीद हुई है, जबकि अन्य क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद नहीं हुई है। इस कारण बाजार भाव अधिक होना है।
> –हेम चंद्र कबडाल, जिला प्रबंधक, यूसीएफ

हालांकि अभी तक यूसीएफ के जसपुर में जगतपुर पट्टी क्रय केंद्र को छोड़ किसी भी एजेंसी के क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद नहीं हुई है। विभाग के अधिकारियों को कहना कि इस बार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपया प्रति क्विंटल दिया जा रहा है, लेकिन बाजार के भाव 2300 से 2500 रुपये प्रति क्विंटल तक चल रहे हैं। इस कारण किसान क्रय केंद्रों की बजाय बाजार में गेहूं को बेच रहे हैं। कारण किसान कहीं भी गेहूं बेचने के लिए स्वतंत्र है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

तराई केंद्रीय वन प्रभाग के तहत बनाए गए 47 क्रू स्टेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

जंगलों में आग की घटनाओं को लेकर वन विभाग अलर्ट

सतर्कता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कुमाऊं में कई क्षेत्रों में जंगलों में आग की घटनाओं को लेकर वन विभाग अलर्ट हो गया है। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के तहत करीब 47 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं, जबकि 60 फायर वाचरों की तैनाती की गई है, जो 24 घंटे आग लगने की घटनाओं पर नजर रख रहे हैं।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग के तहत सात रेंज शामिल हैं। इसमें रुद्रपुर रेंज, हल्द्वानी रेंज, बरहनी रेंज, गदगदिया रेंज, भाखड़ा रेंज, टांडा रेंज और पीपल पड़ाव रेंज शामिल हैं। विगत दिनों हल्द्वानी रेंज, गदगदिया रेंज और टांडा रेंज के जंगलों में आग लगने की चार घटनाएं घट चुकी हैं। इसके बाद से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आग लगने की घटनाओं को लेकर अलर्ट हो गए हैं। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के अधिकारियों के अनुसार जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर नजर रखने के लिए 60 फायर वॉचर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सेटेलाइट से भी आग लगने की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। सेटेलाइट के माध्यम से कहीं भी आग लगने की जानकारी मिलती है तो तुरंत संबंधित क्रू स्टेशन को दी जाती है। इसके बाद फायर वॉचर को इसकी सूचना दी जाती है ताकि समय पर आग पर काबू पा लिया जाए। इसके अलावा बैठक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और स्कूलों में भी बच्चों को जानकारी दी जा रही है।

बोले अधिकारी

विगत दिनों हल्द्वानी रेंज, गदगदिया रेंज और टांडा रेंज के जंगलों में आग लगने की घटनाओं के बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट किया गया है। इसके अलावा सेटेलाइट के माध्यम से भी जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है और बैठकों के माध्यम से भी लोगों के साथ स्कूली बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। **-आरसी तिवारी**, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केंद्रीय वन प्रभाग

जसपुर के गांव रहमापुर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

रहमापुर में घर में लगी आग, सामान राख

जसपुर : गांव रहमापुर में एक व्यक्ति के घर में आग लगने से घर का सामान जलकर राख हो गया। इससे उसका काफी नुकसान हो गया। शुक्रवार को प्रात : करीब 11 बजे कोतवाली जसपुर अंतर्गत गांव रहमापुर निवासी नेतराम के घर के छप्पर में अचानक आग लग गई। इस दौरान परिजन गेहूं की कटाई करने खेत में गए थे। नेतराम के घर में आग लगते ही आसपास के लोगों में चीख-पुकार मच गई। लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाना शुरू कर दिया। लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर जसपुर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची और आग पर काबू पाया। आग से दो साइकिल, एक क्विंटल गेहूं, कपडे, बर्तन आदि सारा सामान जल गया। घटनास्थल पर पहुंची फायर यूनिट में गोपाल प्रसाद, बालम सिंह, जीवन चन्द्र, देवेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह, सुरेश लाल, चन्द्र मोहन आदि शामिल रहे।

पुलिस चौकी में खड़े सीज वाहनों में लगी आग

बाजपुर : बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी के नजदीक मुख्यमार्ग किनारे खड़े विभिन्न मामलों में पकड़े गए वाहनों के आसपास उगी घास व झाड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। घटनास्थल के नजदीक गेहूं का ढेर भी लगा था, जोकि बचा लिया गया है, जबकि सीज वाहनों को आग में जलने से क्षति पहुंची है।

बाजपुर के बन्नाखेड़ा में आग बुझाते दमकल कर्मी।

सरकार की निष्क्रियता से बढ़ रहीं वनाग्नि की घटनाएं

बाजपुर : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हर वर्ष जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, लेकिन सरकार की निष्क्रियता के कारण इसकी रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जब प्रदेश में वनाग्नि के मामले बढ़ते हैं तो सरकार द्वारा रोकथाम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दी जाती है जिस कारण इस निष्क्रियता का खामियाजा प्रकृति व जनता भुगत रही है। उत्तराखंड में निरंतर जंगलों में लग रही आग पर्यावरण की दृष्टि से गर्मियों में बहुत हानिकारक है। आज प्रदेश में लगातार धधक रहे जंगल व उससे हो रही हानि चिंता का विषय है। अप्रैल के पहले सप्ताह में स्थितियां इतनी भयावह हो गईं कि राज्य में सैकड़ों हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए और हजारों हेक्टेयर पर खतरा मंडरा रहा है।

एक नजर

ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

खटीमा : बानुसी के पास ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीसलपुर उत्तर प्रदेश निवासी बाबूराम (40) पुत्र गुलाबी ईंट भट्ठे पर काम करता था। वह बाइक से जा रहा था उसी समय ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली आ गई। इसके ओवरलोड होने के कारण दोनों अगले पहिए उठ गए और ट्रैक्टर घूम गया। इसकी चपेट में आकर बाबूराम घायल हो गया। उसे तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बाबूराम चार भाइयों में सबसे बड़ा था। वह यहां अपनी पत्नी ज्योति और पांच माह की बच्ची के साथ रहकर भट्टे पर मजदूरी करता था।

जसपुर में घुड़चढ़ी के दौरान दो समुदायों में बवाल

10 लोग गंभीर घायल, पथराव किया और लाठी डंडों से पीटा, दुकानें बंद, स्थिति तनावपूर्ण होने पर बुलाई गई पीएसी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : घुड़चढ़ी के दौरान दो समुदायों के लोगों के बीच जमकर बवाल हुआ। पथराव और लाठी डंडों से मारपीट में दोनों पक्षों के करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान मची भगदड़ से देखते ही देखते मोहल्ले की दुकानें बंद हो गईं। स्थिति तनावपूर्ण होने से पीएसी बुलानी पड़ी। घटनास्थल पर पीएसी व पुलिस बल को तैनात किया गया है।

बृहस्पतिवार की रात्रि में मोहल्लापट्टी चौहान जोशियान में धनेंद्र कुमार शर्मा के बेटे की बारात के दौरान घुड़चढ़ी की रस्म की जा रही थी। मोहल्ले की मस्जिद के पास समुदाय विशेष के कुछ लोगों द्वारा टोकाटाकी किए जाने से दोनों समुदायों के लोगों में विवाद हो गया। विवाद इतना तूल पकड़ गया कि दोनों समुदायों के लोगों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान पथराव व लाठी डंडे चलने से दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पता चलने पर कोतवाल हरेंद्र चौधरी मय फोर्स के तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और किसी तरह मामले को शांत कराया। झगड़े के दौरान घायल हुए लोगों को जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मारपीट में प्रिंस पुत्र ज्ञानेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला जोशियान जसपुर, अक्षय शर्मा पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी शेरों वाला मंदिर लालबाग मुरादाबाद, संजय पुत्र मायाराम निवासी मोहल्ला जोशियान, मनीष पुत्र उमेश कुमार दारानगर गंज बिजनौर, सौरभ पुत्र जयप्रकाश प्रीत विहार कॉलोनी रुड़की, शिवम पुत्र गुड्डू जोशी निवासी मोहल्ला जोशियान जसपुर, अभिषेक पुत्र पप्पू जोशी निवासी मोहल्ला जोशियान जसपुर, समीर पुत्र रईस अहमद, दानिश पुत्र शमशेर, रेहान पुत्र शाहिद निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान जसपुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जसपुर में हुई हिंसात्मक घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे कोतवाल हरेंद्र चौधरी।

घटना स्थल पर तैनात पीएसी के जवान। ● अमृत विचार

दूल्हे के पिता ने 14 नामजद व 30-35 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

जसपुर : दूल्हे के पिता धनेंद्र कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान जसपुर ने घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि बृहस्पतिवार को उसके पुत्र कार्मेंद्र शर्मा की घुड़चढ़ी उनके घर से रात्रि लगभग 9 बजे जोशियान शिव मंदिर के लिए निकली थी। रात्रि 10 बजे जब वे जामा मस्जिद मोहल्ला पट्टी चौहान के पास पहुंचे तो वहां पर खड़े विशेष समुदाय के करीब 10-15 लड़के गाली गलौज करते हुए झगड़ने लगे। कुछ संभ्रांत व्यक्तियों ने मौके पर जाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद वे आगे बढ़ गए। परंतु जैसे ही वे सलीम मेडिकल के पास पहुंचे तो वहां पर समीर जावेद, उस्मान, जूली, बिलाल उर्फ बिल्लू, फैजान तथा फुरकान, अनु, ओवैस, सलीम अफजल निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान कुल 30-35 लोग हाथों में ईटों के टुकड़े व लाठी डंडे लेकर वहां पर पहुंच गए और पथराव और जमकर मारपीट की। उनके हमले में प्रिंस शर्मा, आकाश शर्मा, अभिषेक, शिवम, राजन, मनीष, संजय, सूरज, सौरभ आदि को गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना मस्जिद के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 14 नामजद व 30-35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दूसरे पक्ष ने समाचार लिखने तक घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी थी।

एसपी व सीओ ने डाला डेरा

जसपुर : एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी अनुष्का बड़ोला ने जसपुर में डेरा डाल दिया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो प्लाटून पीएसी तथा पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। स्थिति अब नियंत्रण में है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी, काशीपुर कोतवाल आशुतोष सिंह, कुंडा थाना एसओ विक्रम राठौर सहित स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

श्रीराम संस्थान में कार्यशाला में उपस्थित छात्राएं। ● अमृत विचार

परियोजना रिपोर्ट पद्धति एवं अनुसंधान पर कार्यशाला

काशीपुर : श्रीराम संस्थान के प्रबंधन विभाग ने एमबीए के छात्र-छात्राओं के लिए परियोजना रिपोर्ट पद्धति एवं अनुसंधान विषय पर एक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को रिसर्च की महत्ता तथा उससे मिलने वाले सटीक परिणामों के बारे में अवगत करना था। सत्र का संचालन डॉ. फराह नईम और डॉ. कार्तिकेय भारद्वाज ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. योगराज सिंह ने छात्रों को रिसर्च का जीवन में महत्व बताया। इस अवसर विभागाध्यक्ष डॉ. शोभित त्रिपाठी उपस्थित रहे।

आईपीएल में सट्टा लगा रहे व्यक्ति को एसओजी ने धरा

काशीपुर : एसओजी की टीम ने आईपीएल में सट्टा लगा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से टीम ने नकदी व दो मोबाइल बरामद किए हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओजी टीम को सूचना मिली थी कि मुख्य बाजार में एक व्यक्ति क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहा है। एसओजी प्रभारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम ने सट्टा लगा रहे आवास-विकास कॉलोनी निवासी हर्ष अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बरामद मोबाइल में टीम को सट्टे से जुड़ी जानकारियां मिलीं। मौके से टीम ने 2200 रुपये, दो मोबाइल व सट्टा पर्चियां बरामद की हैं। आरोपी का पुलिस ने 13 जुआ एक्ट में चालान किया है।

मंदिर में रखे दानपात्र को चुरा ले गए चोर

काशीपुर : ग्राम पैगा में दुर्गा मंदिर में रखे दानपात्र को चोर चोरी कर ले गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने सूचना के आधार पर आवश्यक जानकारी जुटाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार रात थाना आईटीआई क्षेत्रांतर्गत ग्राम पैगा स्थित दुर्गा मंदिर में चोरों ने ताले तोड़ मंदिर में रखा दान पात्र चुरा लिया। चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मंदिर के पुजारी की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए रवाना होती टीम।

नेशनल चैंपियनशिप के लिए टीम महाराष्ट्र रवाना

काशीपुर : महाराष्ट्र के अमरावती में आगामी 27 से 29 अप्रैल तक होने वाली आठवीं लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड की टीम शुक्रवार को रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता मॉडर्न पेंटाथलान एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित की जा रही है। एसोसिएशन के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष पंकज भल्ला व सेक्रेट्री दयाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए पुरुष वर्ग के अंडर-11 में यशवर्धन सिंह चौहान, अंडर-13 में शौर्य पटेल, अंडर-15 में आदित्य नेगी, अंडर-17 में सक्षम प्रताप सिंह, अंडर-19 में सामान्यु लटवाल का चयन किया गया है। महिला वर्ग में संगीता बोरा, पूनम बंसल, कोमल, ममता खाती, अलका वर्मा और जूनियर वर्ग में अमित कुमार का चयन किया गया है। जबकि मास्टर मेन में नंदन सिंह नेगी व योगेश शर्मा को मौका दिया गया है। टीम के साथ पुरुष कोच गोपाल बिष्ट, महिला कोच सुनीता चौहान व टीम मैनेजर भूपाल सिंह मनराल को भी भेजा गया है।

काशीपुर आईआईएम का आज होगा दीक्षांत समारोह

काशीपुर : आईआईएम काशीपुर में दीक्षांत समारोह का आज शनिवार को आयोजन होगा। 11वें दीक्षांत समारोह में 438 छात्रों को डिग्री दी जाएगी। आईआईएम के अधिकारियों के अनुसार दीक्षांत समारोह में 27 छात्रों को पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार डिग्री पाने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा हुआ है। पिछले साल 353 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गई थी। इस बार 438 छात्राओं को डिग्री दी जाएगी। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि नागपोरवाला और आईआईएम काशीपुर के चेयरमैन संदीप सिंह आदि रहेंगे।

भीषण गर्मी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

नानकमत्ता : क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इससे दोपहर के वक्त सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। इधर क्षेत्र में बेमौसमी धान की बड़ी तादाद में किसानों ने रोपाई कर डाली है। वर्षा न होने से किसान डीजल पंप और बिजली की मोटरों का सहारा लेकर दिन रात धान की सिंचाई कर रहे हैं। इससे वाटर लेवल नीचे चले जाने से कई हैंडपंपों में पानी नहीं आ रहा है।

अराजक तत्वों ने कार का अगला शीशा तोड़ा

बाजपुर : विवाह समारोह में शामिल होने आए युवक की कार का अगला शीशा शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपनी अल्टो कार संख्या यूके06-2921 से 24 अप्रैल को विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम नंदपुर नरकाटोपा बाजपुर आया था तथा देर रात करीब 8:30 बजे कार प्राइमरी स्कूल वाली गली में खड़ी करके शादी समारोह में शामिल होने चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद विवाह समारोह से वापस लौटा तो कार का फ्रंट शीशा टूटा हुआ था। अज्ञात व्यक्तियों ने जानबूझकर कार का शीशा तोड़ा है, जिससे उसे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस गांव में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये आरोपियों की तलाश में जुटी है।

नशीले इंजेक्शनों के साथ पुलिस ने तस्कर पकड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रंपुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान नशीले इंजेक्शनों के साथ तस्कर को दबोच लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बस्तियों में जाकर नशे के लती युवाओं को नशीले इंजेक्शन महंगे दामों पर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गुरुवार की शाम को रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिस टीम के साथ इंदिरा चौक के समीप गश्त कर रहे थे। इसी दौरान कूड़े के ढेर के समीप एक युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जब पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोचा तो आरोपी ने पुलिस से धक्का-मुक्की की। दबोचे जाने के बाद आरोपी ने अपना नाम खेड़ा बस्ती वार्ड-17 निवासी जुनैद रजा बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कई कंपनियों के 45 नशीले इंजेक्शन बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशीले इंजेक्शन बहेड़ी की रहने वाली एक महिला से खरीदता है और रुद्रपुर आकर इंजेक्शन को नशे के लती युवाओं को महंगे दामों पर बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

कार्रवाई

- नशे के लती युवकों को कराता था मुहैया
- पुलिस ने एनडीपीएस की दर्ज की रिपोर्ट

कैंटर लूट की सूचना से मचा हड़कंप

रुद्रपुर, अमृत विचार: कोतवाली इलाके में बदमाशों द्वारा चालक से कैंटर और हजारों की नगदी लूट की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाल पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बावजूद चालक ने कोई तहरीर भी नहीं दी है, जबकि पुलिस लूट की घटना से इंकार कर रही है। हल्द्वानी निवासी मोहम्मद फाजिल कैंटर लेकर हल्द्वानी से दिल्ली के लिए निकला था। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि भूरारानी मार्ग पर दो बदमाशों ने कैंटर चालक से मारपीट कर 25 हजार की नगदी व कैंटर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली, जबकि चालक का आरोप था कि दो बदमाश आए और हाथापाई की और नगदी लूटकर कैंटर लूटने का प्रयास किया।

हत्यारोपी सर्वजीत की तलाश में पंजाब-पूर्वी यूपी टीम रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम पंजाब और पूर्वी यूपी रवाना हो गई है। पुलिस को हत्यारोपी के छिपे होने के अहम सुराग हाथ लगे हैं। इसके अलावा आरोपी पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अब कुर्की की तैयारी कर रही है।

28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार दो सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड को अंजाम देने वाले अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी सिहोरा बिलासपुर यूपी और सर्वजीत सिंह मिया विंड पंजाब का नाम सामने आया था। विगत दिनों शूटर अमरजीत सिंह को हरिद्वार में हुई मुठभेड़ में एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने मार गिराया था, जबकि दूसरे हत्यारोपी सर्वजीत सिंह के घर पंजाब जाकर पुलिस ने 82 कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया था।

इसके बाद भी हत्यारोपी ने न्यायालय में समर्पण नहीं किया तो पुलिस 23 मई के बाद कुर्की की कार्रवाई करेगी। इसकी तैयारी पुलिस ने अभी से शुरू कर दी है। गुरुवार की शाम को सूचना मिली कि हत्यारे की लोकेशन पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाकों में देखी गई है। इसके बाद आला अधिकारियों के आदेश पर एसओजी और पुलिस की टीमें पंजाब और पूर्वी यूपी के लिए रवाना हो गई है।

हत्यारोपी सर्वजीत सिंह।

सख्ती

- पुलिस को मिले छिपे होने के अहम सुराग
- जल्द कर सकती है पुलिस कुर्की की कार्रवाई

युवक पर फायरिंग करने के आरोपी गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: 24 अप्रैल की रात्रि पैदल जा रहे युवक पर बाइक सवार युवकों द्वारा फायरिंग की वारदात के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

दीपक चंद्र निवासी शारदा कॉलोनी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था कि 24 अप्रैल की रात 10 बजे वह पैदल सीमावर्ती मेडिकल स्टोर से दवा लेकर लौट रहा था। अचानक दो बाइक पर सवार चार युवक आये और अभद्रता करने लगे। थोड़ी देर बाद बाइक सवार साजिश के तहत वापस आए और एक युवक ने तमंचा निकालकर उसके ऊपर फायर झोंक दिया।

इसके बाद आरोपी ने तमंचे में दूसरी गोली डालकर फायर किया, लेकिन गोली नहीं चली। शोर शराबा सुनकर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने हमलावरों की पहचान राजेश, कशिश, अभय कुमार, राकेश कुमार निवासी रंपुरा बस्ती के नाम से की है, जबकि गोली चलाने वाले आरोपी का नाम राजेश कुमार था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

फायरिंग के आरोपियों को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

विधिक शिविर में दी गईं जानकारियां

खटीमा, अमृत विचार : शिवालिक एकेडमी दमगड़ा में प्रधानाचार्य संजय खड़ायत की अध्यक्षता में विधिक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पीएलबी आरबी सिंह राणा, पिंकी, माया देवी और पैनल अधिवक्ता शाहाना बेगम ने बच्चों को आजादी का अमृत महोत्सव, स्लोगन निबंध, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के संरक्षण संबंधी कानूनी सेवाओं की जानकारी दी।

रक्तदान शिविर लगा

काशीपुर, अमृत विचार : काशी चैरिटेबल ट्रस्ट काशीपुर के सहयोग से 28 अप्रैल रविवार को यूएस आर इंदू इंटर कॉलेज बसई रामनगर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक सुदीप रावत व प्रधानाचार्य प्रेमचंद ने शिविर में अधिक संख्या पहुंचने की अपील की है।

दो प्रॉपर्टी डीलरों पर 1.24 करोड़ हड़पने का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने दो प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ जमीन बेचने का झांसा देकर 1.24 करोड़ रुपये की रकम ऐंठने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जसपुर खुर्द निवासी अहसान अली ने न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसने मानपुर रोड निवासी सुनील छाबड़ा व जसपुर खुर्द निवासी प्रीतपाल से जसपुर खुर्द स्थित खसरा नम्बर-342 का सौदा 04 नवंबर 2020 को एक करोड़ चौबीस लाख पचास हजार रुपये में तय किया था। इस आराजी का बैनामा 30 जून 2022 को होना था। इकरारनामा होने पर उसने सुनील व प्रीतपाल को 22 बार में उक्त रकम अदा की। उसने काफी रकम सुनील छाबड़ा और प्रीत पाल के खातों में डाली। कुछ रकम उनके द्वारा अन्य खातों में डलवाई गई। जबकि बाकी रकम उन्होंने नकद प्राप्त की। पूरी रकम अदा करने के बाद उसने बैनामा कराने को कहा तो सुनील छाबड़ा और प्रीत पाल बेन्स आग बबूला हो गए और उसे गालियां देने लगे। उन्होंने बैनामा कराने से साफ इंकार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई कर कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। शुक्रवार को आईटीआई पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

किच्छा में आगामी 3 मई को कथा के समापन पर होगा विशाल भंडारा, वृंदावन से आए कथावाचक डॉ. बृजभूषण प्रतिदिन सुनाएंगे कथा

श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व किच्छा में निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नगर के उत्तरांचल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में श्री भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर तमाम श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। आगामी 3 मई को श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूर्व उत्तरांचल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई ।

इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में कलशधारी महिलाओं ने यात्रा में हिस्सा लिया। आयोजकों ने बताया कि वृंदावन से आए कथावाचक डॉ. बृजभूषण द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी तथा मंदिर परिसर में प्रतिदिन दोपहर 4:00 बजे से 7:00 बजे तक कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कथा के समापन अवसर पर 3 मई को मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित होगा। मौके पर पुष्पा रावत, नगीना सिंह, छाया बिष्ट, गीता नेगी, गंगा पांडे, चंपा लोहनी, गंगा गोस्वामी, बसंती शर्मा, नीतू सामंत, कमला कांडपाल, अंजू सक्सेना, बीना पांडे, रेखा जोशी, पूनम नेगी, दीपा पंत, कमला ऐरी, भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

किच्छा में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

श्रीकृष्ण अवतार का किया बखान

दिनेशपुर, अमृत विचार : श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते कथावाचक श्याम भाई महाराज ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का बखान किया। कथा के बीच में श्रीकृष्ण जन्म की झांकी देखकर श्रोता भक्ति में लीन हो गए। शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक श्याम भाई महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण का चरित्र व बालपन हमें त्याग, भक्ति और समर्पण की राह दिखाता है। अनुष्ठान में मुख्य यजमान मृत्युंजय सरकार व लक्ष्मी सरकार, मीना राय, सीमा सरकार, दुलाल चक्रवर्ती, विश्वजीत सरकार, दीपांकर राय, अनिता मण्डल, चंद्रिका सरकार, रंजना दफादार, नमिता सरकार, अनिता वैद्य, रीता सरकार, दुली हालदार, सपना सरकार, कविता हालदार मौजूद रहे।

कथावाचक श्याम भाई महाराज।

सार-संक्षेप

सीसीटीवी में कैद आरोपी संदिग्ध महिला।

मेडिकल स्टोर और घर से मोबाइल व नकदी हुई चोरी

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में मेडिकल स्टोर पर दो बच्चों के साथ आई एक महिला ने नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं सोते समय चोरों ने मोबाइल, नगदी और जरूरी दस्तावेज चुराकर ले गए। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिमला बहादुर निवासी अजय प्रताप ने बताया कि गांव में उसका मेडिकल स्टोर है और 25 अप्रैल की शाम को उसकी गैर मौजूदगी में दो बच्चों के साथ आई महिला ने गल्ले में रखे 2500 रुपये चुरा लिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके अलावा आजाद नगर निवासी लालाराम ने बताया कि वह 24 अप्रैल की रात्रि को ड्यूटी पर गया था और घर पर परिवार सोया हुआ था। मौका पाकर चोरों ने घर के अंदर से दो मोबाइल व 4600 रुपये की नगदी व जरूरी दस्तावेज चुरा लिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कुंडेश्वरी में ट्रांसफार्मर खराब होने से लोग परेशान

काशीपुर : ट्रांसफार्मर खराब होने से कुंडेश्वरी के तिलक नगर के लोग रात भर अंधेरे व गर्मी से परेशान रहे। कॉलोनी वासियों का कहना है कि कुंडेश्वरी के तिलक नगर कॉलोनी का लगभग छह माह पहले ट्रांसफार्मर खराब हुआ था। बिजली कर्मियों ने मौसम खराब होने की बात कहकर पास में लगे दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइट चालू कर दी थी। गुरुवार की देर रात ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इससे लोग बिना लाइट के ही रहे। शुक्रवार को भी बार-बार कहने के बाद भी ट्रांसफार्मर को सही नहीं कराया गया है। वहीं बिजली विभाग के प्रभारी ईई विवेक कांडपाल ने बताया कि ट्रांसफार्मर को जल्द ठीक करवा कर लाइट सुचारु कराई जाएगी।

तिलक नगर में लगा ट्रांसफार्मर हुआ खराब। ● अमृत विचार

बाजपुर में फ्लोर मिल का निरीक्षण करती मंडी समिति की टीम। ● अमृत विचार

शिव राइस मिल आटा चक्की का निरीक्षण किया

बाजपुर : कृषि उत्पादन मंडी समिति की टीम ने शुक्रवार को मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में ग्राम नमूना दिहयोरी में स्थित शिव राइस मिल आटा चक्की का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें नेफेड व एनसीसीएफ के गेहूं स्टाक का भंडारण पाया गया। साथ ही व्यापारी द्वारा वर्तमान वर्ष में की गई खरीद का 80 क्विंटल गेहूं खुले रूप में पाया गया, जो भौतिक सत्यापन में भी सही मिला। निरीक्षण टीम में मंडी निरीक्षक शिवमूर्ति शिव, रमेश चंद्र, मंडी सहायक सुंदर नयाल व सुरक्षा कर्मी सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

एक नजर

पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदन दास को पुण्य तिथि पर किया याद

बागेश्वर : पूर्व कैबिनेट मंत्री व बागेश्वर के पूर्व विधायक चंदन दास की पहली पुण्य तिथि पर उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं ने याद किया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय व गरूड़ तथा कपकोट आदि स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में स्व. दास की पत्नी व विधायक पार्वती दास ने कहा कि उनके द्वारा स्व. दास के कार्यों को पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी कार्यालय में आयेजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष इदंरसिंह फर्स्वाण, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, जिला महामंत्री संजय परिहार, विधायक व स्व. दास की पत्नी पार्वती दास, विधायक प्रतिनिधि गौरव दास, डॉ. राजेंद्र परिहार, आदर्श कठायत, जीवंती कांडपाल, प्रकाश साह, रमेश तिवारी, सुबोध साह, मदन आगरी, पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा आर्या आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। उधर गरूड़ में आयोजित कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि स्व. दास ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य किए उनके अधूरे कार्यों को पूरा किया जा रहा है। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट समेत मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, हरीश रावत, जिला महामंत्री घनष्याम जोशी मौजूद रहे।

पति से हुआ विवाद, विवाहिता ने कर ली आत्महत्या

रंपुरा बस्ती की घटना, पुलिस ने मौका मुआयना कर ली जानकारी, पोस्टमार्टम को भेजा शव, जांच हुई शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक विवाहिता का अपने पति से झगड़ा हो गया। आवेश में आकर विवाहिता ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रंपुरा बस्ती निवासी राजकुमार कोहली अपनी 25 वर्षीय पत्नी सीता व दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और दोपहर ढाई बजे पति गुस्सा होकर अपनी ड्यूटी चला गया। घर पर सीता अकेली थी और दोनों बच्चे कमरे के बाहर खेल रहे थे।

इसी दौरान मकान मालकिन शालिनी नीचे उतरी। दरवाजा खुला होने के कारण देखा कि विवाहिता पंखे की कुंडी पर लटकी हुई है। सूचना मिलने पर सीओ सदर निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटनास्थल का मौका मुआयना करती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ **घर में विवाहिता अकेली थी और दोनों बच्चे कमरे के बाहर खेल रहे थे**

फांसी लगाने वाली विवाहिता ने दम तोड़ा

बाजपुर : चार दिन पहले अज्ञात कारणों से फांसी लगाने वाली विवाहिता ने काशीपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मायके वालों ने अपने गांव के श्मशान घाट में विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतका के मायके वालों की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। ग्राम महेशपुरा निवासी मिथिलेश (30) पत्नी शेखर सैनी ने 23 अप्रैल को अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली थी। आनन-फानन में ही उसे फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया जिसके चलते उसे काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार को उपचार के दौरान मिथिलेश ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी से मायके वालों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका अपने पीछे दो बच्चे तीन माह का बेटा व दो साल की बेटी छोड़ गई है। मृतका के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

बाजपुर : दहेज में कार व छह लाख रुपये की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने पति, सास व देवर के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी नाजिया ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल 2021 को उसका निकाह ग्राम एनएनटोपा निवासी युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति, सास व देवर कम दहेज लाने के ताने देकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शुक्रवार की प्रात: करीब 8 बजे तीनों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उसकी दो वर्षीय पुत्री के साथ धक्के देकर घर से निकाल दिया। सास ने सारे गहने भी छीन लिए हैं। आरोपी मायके से दहेज में स्कार्पियो गाड़ी व छह लाख रुपये की नकदी लाकर देने की मांग कर रहे हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

ऑटो से नैनीताल घुमाने का झांसा देकर पर्यटक दंपति से धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्यटक दंपति के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ठगी एक ऑटो चालक ने की। उसने नैनीताल टूर ऑटो से कराने का झांसा दिया। वहां ले जाने का वादा किया, जहां ऑटो से जाना भी सम्भव नही था। दंपति ने हल्द्वानी कोतवाली पहुंच कर मामले की शिकायत की है।

दिल्ली निवासी पंकज अपनी पत्नी पायल के साथ शुक्रवार को हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने नैनीताल, नैना देवी समेत कई पर्यटन स्थल घूमना था, लेकिन न तो उन्हें रास्तों का पता था और न ही भगौलिक परिस्थिति का अंदाजा। हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे पहुंचने पर उन्होंने गाड़ी बुक करने का मन बनाया। उन्हें एक ऑटो रिक्शा चालक और उन्होंने उससे नैनीताल की दूरी पूंछ ली। जैसे ही चालक को पर्यटक की अनभिज्ञता का अंदाजा हुआ, उसने उन्हें झांसे में लेना शुरू कर दिया।

ऑटो रिक्शा चालक ने खुद ही नैनीताल घुमाने की बात कही और डेढ़ हजार रुपये ले लिए। कुछ देर बाद पायल ने जब एक टैक्सी चालक से बातचीत तो पता चला कि वहां ऑटो रिक्शा चलते ही नहीं हैं। इसके बाद टैक्सी चालक को जब ठगी की जानकारी हुई तो तुरंत दंपति को कोतवाली लेकर पहुंचे।

मामला कोतवाल के सामने आया तो तुरंत ऑटो रिक्शा चालक को तलाश कर उसे कोतवाली बुलाया और पर्यटकों के रुपये वापस दिलाए।

ठगी

▸▸ **नैनीताल की भगौलिक परिस्थिति का अंदाजा न होने की वजह से आए झांसे में**

▸▸ **जहां नही जा सकता था ऑटो वहां घुमाने का दिया था प्रलोभन**



पेयजल संकट से जूझ रहे लोग

बागेश्वर, अमृत विचार : नगर के कई इलाकों में पानी की किल्लत बनी हुई है। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं और पेयजल महकमा लाचार नजर आ रहा है। नगर के अधिकांश परिवार पानी के लिए कई किमी दूर जाकर पानी ढो रहे हैं तथा बिल जल संस्थान को भी दे रहे हैं।

नगर के चौरासी, मंडलसेरा व तहसील रोड में पानी की किल्लत से नागरिक परेशान हैं। उनको पानी के लिए वाहन लेकर सिनौला, माघ धारा पहुंचना पड़ रहा है। क्षेत्र के पेयजल स्रोतों में भी पानी कम हो रहा है। दिनेश चंद्र, नवीन चंद्र, गिरीश चंद्र आदि ने बताया कि जल संस्थान लोगों की शिकायतों को दूर सरने में विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट के कारण लोगों की दिनचर्या गड़बड़ा गई है।

अब नेताओं की नजर निकाय चुनाव पर

ओम प्रकाश मौर्य, खटीमा

अमृत विचार : पहले फेस में लोकसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद स्थानीय नेताओं ने अपना रुख निकाय चुनाव की ओर मोड़ दिया है। लोकसभा चुनाव प्रचार में दिन रात मेहनत करने वाले विभिन्न दलों के नेता निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए ही प्रचार अभियान चला रहे थे। इधर उच्च न्यायालय द्वारा नगरपालिका के प्रशासक का कार्यकाल बढ़ाने से इंकार करने के बाद चुनावी गतिविधियां बढ़ गई हैं और संभावित अपनी-अपनी जमीन पक्की करने में जुट गए हैं।

नगर निकाय का कार्यकाल दिसंबर 2022 में समाप्त हो गया था। बाद में प्रदेश सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निकायों में छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त कर दिए थे ताकि इस बीच निकाय चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। प्रशासकों का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है।

इधर हाईकोर्ट ने प्रशासकों के कार्यकाल को आगे बढ़ाने से इंकार कर दिया है और समयावधि में चुनाव कराने को कहा है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद निकाय चुनाव को लेकर संभावितों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। वहीं लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं के नाम कटे होने की शिकायतें आई हैं। मतदाता सूची दुरुस्त कराने की मांग उपजिलाधिकारी से की गई है। नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न दलों से जो नाम सामने आ रहे हैं उनमें पूर्व पालिकाध्यक्ष सोनी राणा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी, कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश राठौर बॉबी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, बहिदुल्लाह खान, राशिद अंसारी, किशन सिंह किन्ना, मोहनी पोखरिया, नासिर खान, किशोर जोशी, रवीश भटनागर, भुवन जोशी, रूमाना नकवी आदि शामिल हैं। अलबत्ता अभी तक निकाय चुनाव के लिए सीटें आरक्षित भी नहीं हुई हैं लेकिन संभावित प्रत्याशियों ने मतदाताओं की नब्ज टटोलनी शुरू कर दी है।

नगरपालिका का दो बार हो चुका है सीमा विस्तार

खटीमा : नगरपालिका परिषद का विस्तार के बाद दूसरी बार विस्तार हुआ है और उसके बाद यह पहला चुनाव है। जिसके लिए कुल 20 वार्डों का दूसरी बार विस्तार के बाद ही चुनाव संपन्न हो सकेगा। जबकि वार्डों का सीमांकन नहीं हुआ है। अब देखना है कि नगरपालिका का चुनाव निर्धारित समय पर होता है तो क्या पुराने परिसीमन पर होगा अथवा नया परिसीमन हो पाएगा। क्या एक बार फिर प्रशासकों के विस्तार को सरकार न्यायालय का रुख कर सकती है।

मुसीबत गांव में चार से पांच घंटे हो रही है बिजली कटौती, धान लगा रहे किसान हो रहे परेशान

बिजली की आंख मिचौली से धान की पौध लगाने में अड़ंगा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : तराई में गर्मी के धान की पौध को खेतों में लगाने का काम शुरू हो गया है। किसान खेतों पर धान की पौध लगा रहे हैं, लेकिन बिजली कटौती ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। गांव में चार से पांच घंटे की कटौती हो रही है।

गेहूं की फसल काटकर किसानों ने गर्मी के धान लगाने की तैयारियां कर ली है। इसके लिए जमी हुई धान की पौध को खेतों पर ले जाकर रोपा जा रहे है। किसानों के अनुसार गर्मी के धान को पानी की अधिक जरूरत होती है। खासकर पानी खेतों में लबालब होने से ही पौध बेहतर ढंग से जम जाती है। बताया कि बिजली की कटौती से किसानों की पानी की मोटर आदि नहीं चल पा रही है। इससे खेतों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया कि धान लगाने को मजदूर आठ बजे ही पहुंच जाते हैं, लेकिन बिजली गुल होने से काम नहीं हो पाता है। दो से तीन घंटे की मजदूर धान की पौध को खेतों में लगाते हैं।

किसान राजेंद्र सिंह लाठी, शमशेर सिंह, अजविंदर सिंह, गुरुसेवक सिंह ने बताया कि बिजली कटौती से उनके खेतों में पानी की संकट खड़ा हो गया है। इसके लिए बिजली विभाग से कई बार बिजली सुचारू रूप से देने को कहा गया है। वहीं बिजली विभाग के ईई विवेक कांडपाल ने बताया कि बिजली कटौती रोस्टर के अनुसार ही किया जा रहा है।

बिजली की कटौती के बीच किसानों ने खेतों में रोपे धान के पौधे।

शमशेर सिंह।

अजविंदर सिंह।

गुरसेवक सिंह।

राजेंद्र सिंह लाठी।

पानी के लिए रात भर जग रहे किसान

काशीपुर : किसानों के अनुसार दिन में अधिकांश बार बिजली कटौती हो रही है। रात के वक्त बिजली मिल रही है। बताया कि रातभर खेतों पर जाग कर पानी खेतों में भर रहे हैं। बताया कि कई काश्तकार तो जनरेटर चलाकर पानी की मोटरें चला रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

छह सौ रुपये की मजदूरी, दो घंटे ही काम

काशीपुर : किसानों के अनुसार धान लगाने को मजदूर कम मिल रहे हैं। मजदूर ठेकेदार के तरफ से आ रहे हैं। बताया कि बिजली कटौती से खेत तैयार नहीं हो पा रहे हैं। मजदूर छह सौ रूपये लेते हैं, लेकिन बिजली नहीं आने से दो से तीन घंटे की काम हो रहा है।

साढ़े तीन एकड़ फसल जलकर राख

जसपुर, अमृत विचार : गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से किसान की साढ़े 3 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। जबकि एक किसान के भूसे के ढेर में आग लग गई। दोनों का काफी नुकसान हुआ।

शुक्रवार को ग्राम रामनगर वन में गेहूं के खेत में आग लग गई । घटना की सूचना मिलने पर फायर यूनिट तत्काल घटना स्थल पहुंची। आग ग्राम रामनगर वन में देवेन्द्र सिंह के गेहूं के खेत में लगी थी। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। फायर यूनिट ने आग को पूर्ण रूप से बुझाया। आग से लगभग 3.5 एकड़ गेहूं जल गया। उधर कासमपुर में गेहूं के खेत में आग लग गई। आग नरेश कुमार के भूसे के ढेर में लगी थी। फायर यूनिट ने आग को बुझाकर भूसे का ढेर व पास में रखे 1.5 एकड़ खेत के गेहूं को बचा लिया गया।

संभावित आपदाओं से बचाव को करें इंतजाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आगामी मानसून अवधि में संभावित आपदाओं के दृष्टिगत आपदाओं की घटनाओं की रोकथाम, राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी विनीत तोमर ने नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा से जुड़े अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अधिकारियों को संभावित आपदाओं से पहले ही सुरक्षा और बचाव के पर्याप्त इंतजामात करने के निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मानसूनकाल के मद्देनजर प्रत्येक विभाग विभागीय स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित कर उसकी सूची जिला आपदा कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील स्तर पर सातों दिन चौबीसों घंटे की तर्ज पर आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मोबाइल नंबर की सूची आपदा विभाग में भेजी जाए। डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को जनपद के समस्त मोटर मार्गों की सूची उनकी स्थिति तथा वर्षाकाल में उनके लंबे समय तक अवरूद्ध होने पर वैकल्पिक मार्गों की सूची तैयार करने, लोनिवि, नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारियो को सड़क के दोनों तरफ नालियों की सफाई व झाड़ियों को काटने का कार्य पंद्रह दिनों में पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे, एडीएम सीएस मर्तोलिया मौजूद रहे।

पेशी के बाद बाहर ला रहे पुलिस कर्मियों को चकमा देकर भागा, एक घंटे बाद आरएफसी गोदाम के पास किया गया गिरफ्तार

बागेश्वर में दुष्कर्म का आरोपी अदालत से फरार, पुलिस ने पकड़ा

▸▸ घटना से मचा हड़कंप, नाबालिग से दुष्कर्म करने का है आरोप

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: जिला अदालत में पेशी के लिए लाया गया आरोपी फरार हो गया। आरोपी पर दुष्कर्म व पोक्सो का मामला दर्ज है।

घटना से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस के अधिकारी व जवान आरोपी की ढूंढ़ खोज करने लगे। लगभग एक घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को आरएफसी गोदाम के पास गिरफ्तार कर लिया। गरूड़ के राजस्व पुलिस क्षेत्र में बीते माह एक नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला राजस्व पुलिस से रेग्युलर पुलिस के पास भेजा गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दीवान राम को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे कैदी वाहन से जिला न्यायालय में लाया गया। पेशी के बाद उसे सुरक्षा जवान बाहर ला रहे थे तभी वह पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। जिससे अदालत परिसर में अधिवक्ता व पुलिस कर्मी भौचक्के रह गए। तत्काल घटना की सूचना पुलिस के अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन समेत अग्निशमन दल व कोतवाली पुलिस को नाकेबंदी कर तलाशी के आदेश दिए। पुलिस टीम फरार आरोपी की तलाश में आसपास के जंगल व नदी किनारे खोजबीन करने में जुट गई। तभी पुलिस टीम को आरएफसी गोदाम के पास आरोपी भागते हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया तथा पूछताछ करके पुनः अदालत में पेश किया।

अदालत में पेशी के बाद फरार हुए आरोपी को तलाशते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

लगभग चार मीटर दीवार कूद कर भागा आरोपी

बागेश्वर : अदालत परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं ने बताया कि आरोपी योजना के तहत फरार हुआ। इसका एहसास किसी को नहीं हुआ। वह एक उंची दीवार से कूदकर मजियाखेत की ओर भागा। मजियाखेत के ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी ने वहां कपड़े बदले तथा फरार हो गया। उसकी गतिविधि संदिग्ध देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस कर्मियों को दी। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचे।

बारात में शामिल होना चाहता था आरोपी

बागेश्वर : आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि आरोपी आरएफसी गोदाम के समीप एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होना चाह रहा था। एसपी ने बताया कि सीओ अंकित कंडारी समेत प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियों ने कड़ी मेहनत से आरोपी को पकड़ा। जिसके लिए पुलिस टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही आरोपी दीवान राम पर पुलिस अभिरक्षा से भागने का मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। बताया कि आरोपी के भागने में जिन पुलिस कर्मियों से चूक हुई है उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट प्रकरण से भाजपा में गुटबाजी उजागर

विधायक और दर्जा प्राप्त मंत्री ने एक दूसरे के खिलाफ खोला मोर्चा, विपक्ष ने घेरा तो संगठन के हुए कान खड़े

संवाददाता, रानीखेत / अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले की रानीखेत विधानसभा में विधायक के भाई और भांजे के एक ग्राम प्रधान से मारपीट के मामले ने अब सियासी रूप ले लिया है। इससे जहां रानीखेत विधानसभा में भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। वहीं भाजपा विधायक और भाजपा के ही दर्जा प्राप्त मंत्री अब एक दूसरे पर गंभीर आरोप भी लगा रहे हैं। रानीखेत विधानसभा में मचे इस घमासान के बाद जहां विपक्ष को बैठे बिठाए आक्रामक होने का मौका मिल गया है। वहीं पार्टी नेताओं के बीच चल रही इस अनबन से भाजपा संगठन के कान भी खड़े हो गए हैं।

दरअसल बीते दिनों रानीखेत के विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई सतीश नैनवाल और भांजे संदीप बधानी का सीम के ग्राम प्रधान संदीप खुल्वे के साथ किसी मामले को लेकर विवाद हो गया था। मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से भतरौंजखान थाने में तहरीर दी गई। इस बीच ग्राम प्रधान संदीप खुल्वे और उनके समर्थकों द्वारा पुलिस पर विधायक के भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज न कराने का आरोप लगाया। जिसके बाद ग्राम प्रधान खुल्वै के समर्थन में भाजपा के ही दर्जा प्राप्त मंत्री कैलाश पंत और कुछ प्रभावशाली लोग भतरौंजखान थाने पहुंचे और विधायक के भाई के खिलाफ मुदकमा दर्ज होने तक थाने में ही डटे रहे। पुलिस ने राजनीतिक दखल देख दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर विधायक के भाई और भांजे समेत दूसरे पक्ष के ग्राम प्रधान संदीप खुल्वै के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन मामला यहीं समाप्त नहीं हुआ। बल्कि यहां से इस मामले ने सियासी रूप धारण कर दिया। रानीखेत के भाजपा विधायक डॉ. प्रमोद नैलवाल जहां इस पूरे मामले के बाद दर्जा प्राप्त मंत्री कैलाश पंत को पार्टी और उन्हें दिए गए दायित्व से निष्कासित करने की वकालत कर रहे हैं। वहीं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कैलाश पंत विधायक प्रमोद नैनवाल पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में पार्टी के दोनों नेताओं के बीच पैदा हुए इस खटपट से जहां संगठन के कान खड़े हो गए हैं। वहीं विपक्ष को भी भाजपा पर हमला बोलने का बैठे बिठाए मौका मिल गया है।

भतरौंजखान थाने में मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे दर्जा प्राप्त मंत्री कैलाश पंत व अन्य।

कैलाश पंत रानीखेत विधानसभा से टिकट के दावेदारों में एक थे। लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो उन्होंने पार्टी विरोधी गतिविधियां शुरू कर मुझे नुकसान पहुंचाने का पूरा प्रयास किया। मारपीट प्रकरण में वह कांग्रेस के नेताओं के साथ थाने पहुंचे। यह इसका खुला प्रमाण है। लोकसभा चुनावों में भी पंत ने पार्टी के विरोध में काम किया। इसलिए पार्टी को उन्हें दिए गए दायित्व और पार्टी की सदस्यता से भी निष्कासित कर देना चाहिए। **–डॉ. प्रमोद नैनवाल**, विधायक रानीखेत

बीजेपी विधायक के भाई का नाम उद्यान विभाग के घोटाले में भी पूर्व में सामने आया था। अब बीजेपी विधायक के भाई और भांजे के खिलाफ एक प्रधान के साथ मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। अब नया प्रकरण सामने आया है। जिसमें वह मंत्री बनाए जाने को लेकर पैसे देने की बात एक नेता से कर रहे हैं। इस बात में कितनी सच्चाई है, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन राजनीति किस दिशा में जा रही है, यह उसको दिखाता है। **–करन माहरा**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस

रानीखेत विधानसभा में विधायक के भाई के मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। जिसमें दायित्वधारी कैलाश पंत का संदर्भ भी है। ऐसी स्थिति क्यों सामने आ गई। इसके बारे में पूछा जाएगा। पार्टी की छवि को किसी भी कीमत पर धूमिल नहीं होने दिया जाएगा। **–महेंद्र भट्ट**, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

वायरल ऑडियो से गर्मायी राजनीति

▸▸ मंत्री बनाने के नाम पर तीस लाख रुपये के देनदेन की बात आ रही सामने

रानीखेत / अल्मोड़ा, अमृत विचार : मारपीट का विवाद जहां रानीखेत विधानसभा में दो भाजपा नेताओं की नाक का सवाल बनकर पार्टी संगठन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं एक वायरल ऑडियो क्लिप ने मामले में तड़का लगाने का काम किया है। इस ऑडियो क्लिप में दो लोग आपस में बात कर रहे हैं और मंत्री बनाने के लिए तीस लाख रुपये के लेनदेन की बात कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यह ऑडियो क्लिप भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल और दर्जा प्राप्त मंत्री कैलाश पंत के बीच चल रहे संघर्ष से उपज कर सामने आई है। हालांकि अमृत विचार समाचार पत्र इसकी पुष्टि नहीं करता। संक्षेप में वायरल ऑडियो क्लिप में दूसरे व्यक्ति से कह रहा है कि तुम्हारे गुरुजी आज मेरे भाई को गिरफ्तार कराने की मांग को लेकर थाने में गए थे। हमने इनका क्या बिगाड़ा था। मुझसे मंत्री बनाने की बात कहकर इन्होंने मुझसे तीस लाख रुपये ठगे। पैसे एकाउंट में जमा हुए हैं। मैं भी एफआईआर करता हूं तब पता चलेगा कितने बीस का सैकड़ा होता है। ऑडियो में दूसरा व्यक्ति भी हां ना में कुछ सवालों के जवाब दे रहा है। भाजपा के दर्जा मंत्री कैलाश पंत ने दावा किया है कि ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल की है और गुरुजी का मतलब व्यास गोदास महाराज से है। जो कि गौरक्षा दल के प्रांतीय अध्यक्ष हैं। जबकि विधायक प्रमोद नैनवाल ने वायरल वीडियो से अपना कोई संबंध न होने की बात कही है। नैनवाल ने कहा है कि मुझे बदनाम करने के लिए एक गिरोह मिलकर साजिश कर रहा है। जिसके खिलाफ वह शीघ्र कानूनी कार्रवाई करने जा रहे हैं।

रानीखेत के विधायक हमेशा संगठन और पार्टी की नीतियों व नियमों के खिलाफ रहे हैं। 2017 में उन्होंने पार्टी में होते हुए पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के विरोध में निर्दलीय चुनाव लड़ा तो बेतालघाट में भी उन्होंने अपनी बहन को पार्टी उम्मीदवार के विपक्ष में खड़ा किया। लोकसभा चुनाव में भी विधायक और उनके समर्थक पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहे। विधायक के परिजन और समर्थक क्षेत्र में अराजकता फैलाकर पार्टी की छवि का धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए वह संगठन से मांग करेंगे कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।
–कैलाश पंत, अध्यक्ष राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड, उत्तराखंड

कांग्रेसियों ने वायरल ऑडियो की जांच कराने की मांग की

रानीखेत : भाजपा नेताओं के आपसी विवाद पर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसियों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल को ज्ञापन देकर भाजपा नेताओं से संबंधित कथित ऑडियो वायरल होने की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल देव, महिला जिला अध्यक्ष गीता पवार, विश्व विजय मेहरा, पंकज गुरुरानी रहे।

वायरल ऑडियो को लेकर कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा का पुतला

रानीखेत : भाजपा विधायक का कथित ऑडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को गांधी चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। वक्ताओं ने कहा कि ऑडियो के अनुसार मंत्री पद के लिए 30 लाख देने की बात कही गई है, जो कि बहुत ही निंदनीय है।

पूर्वमध्यमा में प्रदीप चौथे और दीपक दसवें नंबर पर

टनकपुर/पाटी, अमृत विचार : उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की इस साल की परीक्षा में एक बार फिर देवीधुरा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है। पूर्वमध्यमा (हाईस्कूल) में देवीधुरा मां वाराही देवी संस्कृत महाविद्यालय के दो छात्रों ने शीर्ष दस में जगह बनाई है। चम्पावत जिले के देवीधुरा श्री बाराही देवी संस्कृत महाविद्यालय के प्रदीप पचौली ने 84.80 प्रतिशत (500 में से 424) अंक के साथ प्रदेश में चौथा और दीपक रूवाली ने 81.20 प्रतिशत (500 में से 406) नंबरों के साथ दसवां स्थान हासिल किया है। नवीन चंद्र व कमला देवी के बेटे प्रदीप पचौली पाटी विकासखंड के मूलाकोट के कांडे गांव के रहने वाले हैं। जबकि हेम चन्द्र व पुष्पा देवी के बेटे दीपक रूवाली नैनीताल के भानपोखरा (पतलोट) के रहने वाले हैं।

सार-संक्षेप

मुख्य बाजार में पार्क नहीं होंगे व्यापारियों के वाहन

टनकपुर /चम्पावत : चम्पावत की यातायात अव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित चम्पावत में जाम फिलहाल आम हो गया है। इससे वाहनों को तो लंबा इंतजार करना ही पड़ता है, पैदल चलने वालों की आवाजाही भी जोखिम भरी होती है। इसको देखते हुए पुलिस ने टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल, नगर पालिका,लोनिवि सहित कई संबंधित विभागों के साथ बैठक कर जाम से बचाव को कायदे कानून तय किए हैं। पुलिस लाइन में हुई बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय चौधरी, टैक्सी यूनियन के मंडलीय उपाध्यक्ष ललित मोहन भट्ट, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अशोक वर्मा आदि रहे।

कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने का करें प्रयास

अल्मोड़ा : जिले में कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से बनी रहे। इसके लिए प्रत्येक कार्मिक को जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। शुक्रवार को नगर के पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक में एसएसपी देवेंद्र पींचा ने यह बात कही। एसएसपी ने कहा कि थानों में कार्यरत कर्मचारी लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, शिकायतों, लंबित माल और मुकदमों के निस्तारण, वारटों की तामीली पर जोर दिया। बैठक में सीओ विमल प्रसाद, राजीव कुमार टम्टा, बिदेंश्वरी प्रसाद, विजय विक्रम, जगदीश चंद्र देऊपा, अशोक कुमार रहे।

संजू कुमार को सम्मानित करते एसएसपी।

रोगियों को रेफर करने की मानसिकता को बदलें

अल्मोड़ा : स्वास्थ्य महानिदेशक डा. विनीता साह ने अपने अल्मोड़ा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिला जिला अस्पताल समेत अन्य अनेक अस्पतालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सक रोगियों को बेवजह रेफर करने की अपनी मानसिकता को बदलें और उपलब्ध संसाधनों से उन्हें समय से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास करें। विभाग के अधिकारियों को उन्होंने इस दौरान जिले से रेफर केसों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। महिला अस्पताल के भ्रमण के दौरान उन्होंने वार्ड का निरीक्षण किया और गर्भवती महिलाओं से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि अस्पताल में रोगियों की सुविधाओं का पूरा पूरा ख्याल रखा जाए और तीमारदारों से किसी भी कीमत पर बाहर से दवाएं ना मंगाई जाएं। उन्होंने कहा कि अगर किसी चिकित्सक के खिलाफ बाहर से दवा लिखे जाने का मामला सामने आया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पीएचसी मंच में स्टाफ नर्स कर रहीं मरीजों का उपचार

टनकपुर : नेपाल सीमा से लगे तल्लादेश के मंच स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डाक्टर के छुट्टी में होने से मरीजों का उपचार स्टाफ नर्स एवं वार्ड ब्याय द्वारा करना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य विभाग के विरूद्ध आक्रोश पैदा हो गया है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन महर ने बताया कि अस्पताल में तैनात चिकित्सक पिछले दिनों से अस्पताल नहीं आ रहे हैं। जिससे लोगों को खासी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अचानक तबियत बिगडऩे पर अस्पताल ले जाई गई हाईस्कूल की एक छात्रा का उपचार भी स्टाफ नर्स को करना पड़ा। उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कालेज मंच में कक्षा 10 में पढऩे वाली बालिका को अचानक चक्कर आ गया। जिसके बाद वे अपनी गाड़ी से छात्रा को उपचार के लिए प्राथमिक स्वस्थ केन्द्र मंच में ले गए, लेकिन वहां स्टाफ नदारद था। स्टाफ नर्स और एएनएम ने छात्रा को इंजेक्शन लगाया।

वर्ग पहेली-52

बाएं से दाएं

4. 1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5. 1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)-पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7. 1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

ऊपर से नीचे

1. शराब, दारू, मद्य।

2. 1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।



वर्ग पहेली -51 का हल

1 झु	टुं	ग	■	2 ख	रों	3 ट
र	■	■	4 अं	■	■	क
मु	■	■	ध	■	■	टो
ट	■	5 दु	का	न	दा	र
■	6 लाँ	ग	र	■	■	ना
■	■	ना	■	■	■	■
7 लै	ला	■	8 भा	र	शि	व

सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6							2
9		1				8		
		2			1			
		5			6		3	
	7				8		2	
	1		6			6		
1						9		
8						2		6
4					2		7	

सुडोकू -130 का हल

1	9	3	8	5	6	7	4	2
6	5	8	4	7	2	9	1	3
2	4	7	9	1	3	5	6	8
9	1	4	3	8	5	2	7	6
8	2	6	7	4	1	3	9	5
7	3	5	2	6	9	1	8	4
5	6	9	1	3	8	4	2	7
3	7	1	6	2	4	8	5	9
4	8	2	5	9	7	6	3	1

जिले भर में बढ़ता जा रहा है पीने के पानी का संकट

अल्मोड़ा : पहाड़ों में तपिश बढ़ने के साथ साथ पेयजल की किल्लत भी विकराल रूप धारण करने लगी है। लेकिन पेयजल महकमा उपभोक्ताओं को इस समस्या से निजात दिलाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। पेयजल की सबसे अधिक किल्लत का सामना जिले के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को करना पड़ रहा है। लेकिन तमाम शिकायतों के बाद भी विभाग इन क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति करने में नाकाम ही साबित हो रहा है। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत सभी विकास खंडों में इन दिनों पेयजल का भारी संकट बना हुआ है। सबसे अधिक किल्लत जिले के लमगड़ा, सल्ट, चौखुटिया, भैंसियाछाना और भिकियासैंण विकास खंड के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भुगतनी पड़ रही है। इन क्षेत्रों को पेयजल आपूर्ति करने वाली योजनाएं पिछले कई हफ्तों से ठप पड़ी हुई है। जिससे लोग परेशान हैं।

वनों में आग लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : सीओ वंदना वर्मा ने वन विभाग, फायर, पुलिस के कर्मचारियों, सरपंचों और ग्राम प्रहरियों को वनाग्नि की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को लोहाघाट थाने में कार्मिकों की बैठक में उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग सामंजस्य बनाकर वनाग्नि के नियंत्रण और रोकथाम के लिए कार्य करें। उन्होंने विगत कुछ वर्षों में जिन जंगलों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा हुई हैं उन्हें चिन्हित करने को कहा। ताकि उन जंगलों में आग से बचाव की पूर्व तैयारी की जा सके। सीओ ने वनों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वनों को आग से बचाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को भी कहा। इस दौरान एसएसआइ चेतन रावत, रेंजर देवीधुरा कैलाश चंद्र गुणवंत, नीरज राणा, पूरन सिंह रहे।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

वृष — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

मिथुन — आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क — आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

सिंह — आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

कन्या — आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

तुला — आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

वृश्चिक — आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।

धनु — आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

मकर — आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

कुंभ — आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

मीन — आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुर्म — सुबह : 08.39
सिंबा — शाम : 06.11

&pictures
तारा रम पम — सुबह : 09.36
बेल बॉटम — रात : 09.08

SONY PIX
स्पाइडर-मैन 2 — सुबह : 09.55
रैमपेज — शाम : 05.00

ZEE CINEMA
ये साली आशिकी — सुबह : 08.40
ऊंचाई — रात : 09.30

colors CINEPLEX
रंगून — सुबह : 09.23
ओएमजी 2 — रात : 09.31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।

पहला - हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं

दूसरा - अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर- मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र- जी सर
टीचर- भारत की राजधानी बताओ?
छात्र- फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी-गरमी, अमीरी-गरीबी, प्रेम-धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।

संपादकीय

चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

जनतंत्र में राजतंत्र के षड्‌गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्‌गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्‌गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्‌गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

प्रसंगवश

अद्वैत दर्शन के प्रणेता

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

जेल में मुलाकात का एक दिन

अमिता शरीन
प्रयागराज

खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

सोशल फोरम

बेचने की कला

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

-फेसबुक वॉल से

विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

मां की सीख

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा मिटी दिलों की दूरी

पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दर्रांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35.40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36.05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35.44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

36.05 % 2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

35.44 % वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

7.8 % वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को

किरन रिजिजू।

गौरव गोगोई।

अगाथा संगमा।

25 पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

19 एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिक्किम में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी

- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।

हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार

राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।

वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दर्रांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरू में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

पटना। पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व

यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

बिलासपुर संसदीय सीट | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।

आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55450-55650
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	73,550
सोना रवा	73,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,300
चांदी (999)	83,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,850
चांदी आभूषण	82,550
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	814 (अनुमानित)

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 75 मसूरी- 60 अंगूरी- 50 बासमती- 105 दाल दलहन : काला चना- 87 साबुत चना दाल- 74 मूंग साबुत- 125 राजमा- 148 दाल उड़द- 125 साबुत मसूर दाल- 80 मसूर दाल- 82 उड़द साबुत- 125 काबुली चना- 120 अरहर दाल- 160 लोबिया/करमानी- 114 सोयाबीन- 70 मूंगफली- 64 मटर (सूखी)- 55 मक्का- 22

अर्जस स्टील में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी संदूर

नई दिल्ली। संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड शेयर खरीद समझौते के माध्यम से अर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने इस सौदे के लिए मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया।

पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में

641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने

- विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

2024-25 में जीडीपी 6.6% होने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6% और उसके अगले वर्ष 6.75% पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में 2025 में समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर होगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं।

चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1% रहने का अनुमान

नई दिल्ली। आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1% रहने का अनुमान जताया है। संस्थान ने एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण से राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने 7% तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

मुंबई। आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

राष्ट्रीय

एक नजर

हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है। इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। तदनुसार, वर्तमान याचिका खारिज की जाती है। इस पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस.अरोड़ा भी शामिल थे।

गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

गुरुग्राम। गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने वहां पहुंचकर पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर एक टीम पहुंची और बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

102 वर्ष के बुजुर्ग ने युवाओं के लिए नौकरियों की आस में डाला वोट

जम्मू। जम्मू सीट के लिए शुक्रवार को 102 साल के बुजुर्ग ने रियासी केन्द्र में मतदान किया और उम्मीद जताई कि नयी सरकार युवाओं के लिए नौकरियां लाएगी, जिससे केन्द्र शासित प्रदेश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जम्मू संसदीय क्षेत्र में मतदान शुरू हुआ, जिसमें 17.81 लाख से अधिक मतदाता 22 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। हाजी करमदीन (102) ने रियासी में मतदान के बाद कहा कि यह युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद हो रही है। वे खाली बैठे हैं क्योंकि नौकरी नहीं है। वयोवृद्ध करमदीन को उनके परिजन मतदान केंद्र पर लाए थे और पीठासीन अधिकारी ने उनका स्वागत किया।

खुद को पायलट बताने वाला व्यक्ति दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस के अनुसार उन्होंने एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के सामने उसने खुद को एयरलाइन कंपनी का पायलट बताया, उसने अपने गले में लटका हुआ एक पहचान पत्र दिखाया। सीआईएसएफ के कर्मियों को कुछ गड़बड़ दिखी और पूछताछ करने पर उसकी पहचान नोएडा के संगीत सिंह के रूप में हुई। जांच से पता चला कि उसने कुछ ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके जाली आईडी बनाई थी और दिल्ली के द्वारका से वर्दी एवं अन्य सामान खरीदा था।

बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

मालदा, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है।

मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।

मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

अररिया-मुंगेर। प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

आतिशबाजी से लगी आग में छह लोगों की गई जान

दरभंगा, एजेंसी

- बिहार के दरभंगा जिले में हुआ हादसा मरने वाले एक ही परिवार के लोग
- घटना पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक घायलों के उपचार के दिए निर्देश

बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है।

कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई।

दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शवों को दरभंगा मेडिकल कालेज ले जाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अंटोर गांव में बीती रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी, बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था, बारातियों ने वहां आतिशबाजी की, जिससे पंडाल में आग लग गई। आग लगने से वहां रखे रसोई सिलेंडर में विस्फोट हो गया, आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे
- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा के पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबेरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। 'आप' पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, वे सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे 'दलित विरोधी' कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने लगभग एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना पर 'संविधान की हत्या' करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इसके बाद महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी।

एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया। पत्र में कहा गया कि मुख्यमंत्री संवैधानिक कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते इसलिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जा सकती। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव स्थगित किया गया।

संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस	राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स
दोपहर 3:30 बजे	शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	09	430
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

पंजाब को दिया 262 रनों का विशालकाय लक्ष्य

कोलकाता नाइटराइडर्स के नारायण और साल्ट ने लगाए अर्धशतक, पहले विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी



फिल साल्ट का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते सैम करन। ● अमृत विचार

कोलकाता एजेंसी

फिल सॉल्ट (75) और सुनील नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 42वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए रनों 262 का लक्ष्य दिया है।

आज यहां ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी चौके और छक्कों की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में राहुल चाहर ने सुनील नारायण को जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच आउट कराकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। सुनील ने 32 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 71 रन बनाये। 13वें ओवर में सैम करन ने फिल सॉल्ट को बोल्ड कर दिया। फिल सॉल्ट ने 37 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 12 गेंदों में (24), कप्तान श्रेयस अय्यर 10 गेंदों में (28) और रिंकू सिंह (5) रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर 23 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। वह आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। रमनदीप सिंह छह रन नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 261 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिये। सैम करन, राहुल चाहर और हर्ष पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

> खुशी है कि टीम का हर सदस्य अपनी भूमिका निभा रहा है। कोलकाता की टीम में स्टार्क की जगह चमीरा को शामिल किया गया है। स्टार्क को पिछले मैच में उंगली में चोट लग गई थी। टीम की कोशिश यही होगी कि जीत का यह मोमेंटम जारी रहे।
> **-श्रेयस अय्यर, कप्तान केकेआर**

कोलकाता 261/ 6

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल साल्ट बो करन	75	37	6/6
सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर	71	32	9/4
वेंकटेश अय्यर रन आउट	39	23	3/2
आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप	24	12	2/2
श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप	28	10	1/3
रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल	5	4	1/0
रमनदीप सिंह नाबाद	6	3	0/1

गेंदबाजी : सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	8	5	3	10	+0.577
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	9	2	7	4	-0.721

खेल डायरी

सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।

सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

नई दिल्ली। सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली। नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।

ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की

ब्राजिलिया। ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

शुभंकर शर्माजापान में कट में प्रवेश से चूके

गोटेम्बा (जापान)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

लॉस एंजिलिस। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

विश्व कप : दीपिका सेमीफाइनल में, तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा।

- भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में
- प्रियांश पहुंचे सेमीफाइनल में पदक की दौड़ में शामिल

ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल

मैड्रिड। रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में मार्ग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

हर वो बल्ला है मेरे पास जिससे शतक जड़ा : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

दो बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। पोंटिंग ने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही।

क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है।

- रिकी बोले- मेरे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं, वो सब यादों से जुड़ा है

चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

लाहौर। न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

बॉलीवुड हलचल

करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।



तैयारी जीत की आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

लखनऊ। फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

स्याही वाली उंगली दिखाओ, फ्री में डोसा खाओ

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में मतदाताओं को लड्डू बांटते स्थानीय व्यवसायी।

चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं।

अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने 'वोट माडी, ऊटा माडी' (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी 'स्याही लगी उंगली' दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया। बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की।

द. भारत में जल संकट, 17% जलाशय स्तर घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है और कई क्षेत्रों में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं।

सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि दक्षिणी क्षेत्र में 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।

भारत में जल संकट का गंभीर खतरा

दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50% से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है।

75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

ट्रांसफॉर्मिंग क्रॉप कल्टीवेशन: एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

एक नजर

पुलिस की वर्दी पहन बुरी फंसीं मरियम, नाराज शख्स कोर्ट पहुंचा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज एक बार फिर मुश्किल में पड़ गई हैं। दरअसल, गुरुवार को लाहौर में पासिंग आउट परेड में भाग लेने के दौरान मरियम ने पुलिस की वर्दी पहनी थी, जिसके खिलाफ सत्र अदालत में याचिका दायर कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि मरियम नवाज का एक पुलिस अधिकारी की वर्दी पहनना गैरकानूनी है। याचिका में कहा गया है कि किसी को भी आधिकारिक राज्य संस्थान की पोशाक पहनने की अनुमति नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सीएम मरियम की पुलिस से शिकायत करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है। बयान में कहा गया है, मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 देश रिपोर्ट: पाकिस्तान शीर्षक वाली रिपोर्ट की अनुचित सामग्री और गलत जानकारी पर आधारित है।

श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

कोलंबो। श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

हनोई। वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

डिजिटल से मजबूत हुई विकास की बुनियाद

यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद यूएन की स्थायी सदस्य रूचिरा कंबोज और अमिताभ कांत।

सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक: डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता भूलकर संबंध मजबूत करने में जुटे

बीजिंग, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने जिनपिंग से की मुलाकात

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक मतभेदों के बावजूद तनावपूर्ण संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। यह बैठक ब्लिंकन की बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री के साथ पांच घंटे की बैठक के बाद हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने चीन के सुरक्षा मंत्री वैंग शियाओहोंग से भी मुलाकात की थी।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "राष्ट्रपति शी ने कहा कि उन्होंने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और जीत के सहयोग का प्रस्ताव दिया। दोनों को अपने इतिहास से सबक लेकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए।मंत्रालय ने आगे कहा, यह दोनों देशों के लोगों की इच्छा है कि अमेरिका और चीन बातचीत को मजबूत करें, दूरियों को कम करने की कोशिश करें और सहयोग को आगे बढ़ाए। चीन एक समृद्ध और संपन्न अमेरिका को देखकर खुश है।

सेवा विवाद: केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

तेलंगाना में परीक्षा परिणाम से आहत 7 छात्र-छात्राओं ने 48 घंटों में की आत्महत्या

हैदराबाद, एजेंसी। परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परीक्षा में असफल होने के बाद दो लड़कियों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी।

(पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि प्रथम वर्ष के एक छात्र ने परीक्षा में असफल होने के बाद सुल्तानबाजार पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत अपनी जान दे दी। शहर के नल्लाकुंटा इलाके का रहने वाला एक और लड़का जडचेरला में एक रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि उसकी मौत का कारण परीक्षा में खराब प्रदर्शन है। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

पतंग उत्सव

पेरिस: फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एक पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, 21 अप्रैल को पुलिस ने की थी कार्रवाई

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक ने अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। कार्रवाई के दौरान एक अधिकारी को चोट लगी है जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कया गया है। वहीं, दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही उपचार किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि आगे जांच की जा रही है। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि मृतक सचिन पर आरोप था महिला को कुचल दिया था, वह उसकी रूममेट थी। उन्होंने कहा कि पुलिस को आगे के तथ्य जानने के लिए अभी बॉडीकैम फुटेज देखना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट में साहू की पूर्व पत्नी लिआ गोल्डस्टीन के हवाले से कहा गया है कि सचिन को बाइपोलर डिसऑर्डर था। वो 10 साल से इस बीमारी से पीड़ित था। सचिन में सिजोफ्रेनिया के लक्षण भी थे, जबकि पूर्व पत्नी गोल्डस्टीन ने सचिन को एक महान पिता बताया।

भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षित देश है अमेरिका : एरिक

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं।

गार्सेटी ने यह जवाब उस सवाल के जवाब में दिया, जिसमें पूछा गया था कि जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की मौत हो चुकी है। इसके जवाब में गार्सेटी ने कहा कि हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

फैसला बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार पर पति की तलाक की अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता

नई दिल्ली, एजेंसी

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना और निर्दोष पीड़ित बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार करना सबसे गंभीर प्रकार की मानसिक क्रूरता है। उच्च न्यायालय ने अपनी अलग रह रही पत्नी से क्रूरता के आधार पर तलाक के अनुरोध संबंधी पति की अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि क्रूरता का शिकार महिला हुई है, पुरुष नहीं। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी पर लगाए गए विश्वासघात के निंदनीय, निराधार आरोप और यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शना, अपमान और क्रूरता का सबसे खराब रूप होगा, जो व्यक्ति के लिए तलाक मंजूर नहीं करने के लिए पर्याप्त है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि तलाक की याचिका खारिज करने वाली कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी व्यक्ति की अपील में कोई दम नहीं है। पीठ ने कहा कि पति पत्नी के खिलाफ लगाए गए अपने किसी भी आरोप को साबित नहीं कर पाया है और उसने आत्महत्या करने की धमकी देने और आपराधिक मामलों में फंसाने के बारे में अस्पष्ट आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह एक ऐसा संबंध है जो आपसी विश्वास पर फलता-फूलता है और एक मधुर संबंध में कभी भी किसी की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई जाती। व्यक्ति ने कहा है कि वह अपनी पत्नी से सितंबर 2004 में मिला था और अगले साल उसने शादी कर ली। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि जब वह शराब के नशे में था तब महिला ने उसके साथ यौन संबंध बनाने के बाद उस पर शादी करने का दबाव डाला और बाद में उसे बताया कि वह गर्भवती है।

याचिका में आरोप लगाया कि पत्नी आत्महत्या करने की धमकी देती थी और उसके कई पुरुषों के साथ अवैध संबंध थे। महिला ने हालांकि दावा किया कि उसका शारीरिक उत्पीड़न किया गया क्योंकि वह बच्चे पैदा करने में सक्षम नहीं थी और उसकी सहमति के बिना उसकी कई जांच कराई गई। महिला ने आरोप लगाया कि बच्चों को जन्म न दे पाने के कारण उसे ताने दिए जाते थे और उस व्यक्ति के परिवार का उद्देश्य केवल उससे पैसे ऐंठना था।

पीड़िता बोली-बेटी के जन्म के बाद टूटा दुखों का पहाड़

महिला ने कहा कि 2008 में उसके बेटे के जन्म के समय उसका पति असंवेदनशील था और जब 2010 में बेटी का जन्म हुआ तो उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि उस व्यक्ति और उसके परिवार को लड़की स्वीकार नहीं थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि अपनी नौकरी छोड़ने के बाद वह व्यक्ति परिवार की जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा और पत्नी को न केवल वित्तीय बोझ झेलना पड़ा, बल्कि बच्चों की देखभाल और घरेलू जिम्मेदारियों के लिए भी संघर्ष करना पड़ा।

दिल्ली में स्पाइडरमैन की पोशाक पहने युवती समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्लीर। दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने के लिए पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की गई और चालक के खिलाफ बगैर हेलमेट, बगैर लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

अमेरिका में युद्ध के विरोध में जॉर्ज वाशिंगटन विवि परिसर में तांबू तानकार बैठे छात्र।

अमेरिका: फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विश्वविद्यालय की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। साप्ताहिक कॉलेज पत्रिका 'प्रिंसटन एलुमनी' ने बताया है कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

कोलंबो। श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।